# राजभवन उमंग

त्रैमासिक पत्रिका



राजभवन में पुष्प प्रदर्शनी

अंक– 03 राजभवन, उत्तर प्रदेश फरवरी, मार्च, अप्रैल–2021



राजभवन में वाटर हार्वेस्टिंग




राजभवन संग्रहालय









अंक- 03 राजभवन, उत्तर प्रदेश

# राजभवन उमंग

त्रैमासिक पत्रिका

## प्रेरणा स्रोत



श्रीमती आनंदीबेन पटेल
मा. राज्यपाल, उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश

फरवरी, मार्च, अप्रैल-2021

## अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विषय | पेज न. |
|---|---|---|
| 1. | राजभवन से कार्यक्रम | 01–23 |
| 2. | जनपदीय भ्रमण | 23–35 |
| 3. | दीक्षान्त समारोह | 36–56 |
| 4. | नियुक्तियां | 56 |
| 5. | छायाचित्रों में राजभवन | 57–61 |
| 6. | समाचार पत्रों में राजभवन | 62 |


## अपील

प्रिय मेरे देश के भाइयों और बहनों हम शपथ लें कि आज के बाद बिना मास्क के कोई भी अपने व अपने परिवार के सदस्यों को घर के बाहर नहीं निकलने देंगे तथा सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन करेंगे। हम सब मिलकर समझदारी से प्रयास करेंगे तो हमारा परिवार व हमारे देश के लोग सुरक्षित रहेंगे ।

आप सभी से एक अनुरोध और है कि सभी समाज के लोग जिन्होंने अभी तक कोरोना वैक्सीन नहीं लगवाई है और जिसका उम्र के हिसाब से नंबर आ गया है वे जल्द से जल्द कोरोना वैक्सीन लगवाएं व औरों को भी इसे लगवाने के लिए प्रेरित करें।

– आनंदीबेन पटेल

# प्रधान सम्पादक की कलम से...

त्रैमासिक पत्रिका के इस अंक में माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से राजभवन की गतिविधियों को मिली गतिशीलता को प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया है। फरवरी, मार्च एवं अप्रैल–2021 के इस त्रैमास में राजभवन से आनलाइन तथा विश्वविद्यालयों में 20 दीक्षांत समारोह आयोजित किये गये। इसके साथ ही 12 जनपदों का भ्रमण कर स्वयं सहायता समूहों, कृषक उत्पादक संगठनों, कोरोना योद्धाओं, स्वयं सेवी संगठनों, रेडक्रास सोसायटी आदि को समाजिक कार्यों के प्रति प्रोत्साहित करते हुये उनके सामाजिक कार्यों यथा कुपोषण एवं क्षय रोग निवारण को गतिशीलता प्रदान की गयी।

राजभवन परिसर में राज्यपाल जी की प्रेरणा से अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय महिला समृद्धि महोत्सव के आयोजन से जहां महिला स्वावलम्बन की दिशा में अनूठा प्रयास हुआ वहीं दूसरी ओर राजभवन उत्तर प्रदेश एवं राजभवन मध्य प्रदेश के बीच खेल प्रतियोगिता ने दोनों राज्यों के बीच आपसी सद्भाव, भाईचारा एवं बन्धुत्व की भावना बढ़ाने में सेतु का काम किया।

राज्यपाल जी द्वारा कोरोना महामारी को समाप्त करने हेतु भी अनेक कदम उठाये गये। इसी कड़ी में प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों को कुलपतियों से आनलाइन बैठक कर कोविड मरीजों की ट्रेकिंग, ट्रेसिंग एवं टेस्टिंग के कार्यों से जुड़ने तथा सक्रिय सहयोग दिये जाने की अपील की गयी, जिसके सार्थक परिणाम सामने हैं और इसी कड़ी में कोविड नियंत्रण हेतु राज्यपाल जी की प्रेरणा व मा0 मुख्यमंत्री जी के सहयोग से सर्वदलीय बैठक आयोजित की गयी। साथ ही धर्माचार्यों, महापौर तथा नगर निकायों के साथ वर्चुअली बैठक कर कोविड नियंत्रण हेतु आवश्यक सहयोग करने की अपील की गयी, जिसे सभी ने एक स्वर में सक्रिय सहयोग करने का आश्वासन दिया। इसी का परिणाम है कि हम कोविड महामारी की गति को रोकने मे कामयाब हो रहे हैं तथा कोविड टीकाकरण के कार्य को गति मिली है। राजभवन परिसर में भी टीकाकरण कैम्प लगाकर कोविड टीकाकरण का कार्य किया गया।

इस प्रकार राज्यपाल जी की प्रेरणा एवं प्रयासों से जहां कोविड महामारी के बढ़ते प्रकोप को रोकने में कामयाबी मिली है वहीं दूसरी ओर कुपोषण तथा क्षय रोग नियंत्रण की दिशा में हो रहे प्रयासों में भी गतिशीलता आयी है तथा लोग स्वेच्छा से कुपोषण एवं क्षय रोग निदान में अपना योगदान दे रहे हैं। आशा है कि इसी प्रकार के प्रयासों से हम शीघ्र ही स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे।

**महेश कुमार गुप्ता**
प्रधान सम्पादक

# राजभवन में प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी–2021 का आयोजन

**राजभवन : 6–8 फरवरी, 2021**

❖ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजभवन में तीन दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी–2021 का शुभारम्भ किया। यह प्रदर्शनी 06 से 08 फरवरी, 2021 तक आयोजित की गयी।

❖ राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा प्रदर्शनी में लगाए गए फल, शाकभाजी एवं पुष्प स्टॉलो का अवलोकन किया गया तथा एक स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

❖ तीन दिवसीय प्रदर्शनी में 60,000 से अधिक लोगों ने राजभवन आकर प्रदर्शनी का लाभ लिया।

❖ लोगों के उत्साह को देखकर प्रदर्शनी को 9 से 12 फरवरी तक विस्तारित कर दिया गया, जिसमें प्रतिदिन लगभग 2,000 से अधिक लोग आये।

❖ प्रदर्शनी में 1,332 प्रतिभागियों द्वारा 5,028 प्रदर्शनी लगाये गये, जिसमें राजभवन उद्यान को लगाये गये प्रदर्शों हेतु सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त हुए।



**मा0 राज्यपाल एवं मा0 मुख्यमंत्री जी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।**



**प्रदर्शनी के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

❖ प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी–2021 का समापन राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा पुष्प प्रदर्शनी में शामिल प्रतिभागियों में से उत्कृष्ट प्रदर्शित करने वाले बागवानों को पुरस्कृत कर किया गया।



सर्वाधिक पुरस्कार के रूप में राजभवन उद्यान को 'चल बैजन्ती' पुरस्कार



राज्यपाल ने पुष्प प्रदर्शनी के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

"बागवानी फसलें हमेशा से जनमानस को पोषण तो उपलब्ध कराती ही हैं, साथ ही उन्हें आकर्षित एवं रोमांचित भी करती रही हैं। भारतीय संस्कृति में पुष्पों की सदैव से सद्भाव, सुन्दरता एवं शांति के प्रतीक के रूप में मान्यता रही है। इसी कारण यह फसलें दिनों-दिन महत्वपूर्ण होती जा रही हैं। इनकी मांग में निरन्तर वृद्धि हो रही है इसकी पूर्ति हेतु आने वाले समय में बागवानी फसलों का उत्पादन बढ़ाना होगा। प्रदेश की अधिकांश छोटी जोत के कृषकों के लिए अल्प अवधि की बागवानी फसलें निरन्तर आय देने में सक्षम हैं।"

– आनंदीबेन पटेल

# चिकित्सा संस्थानों को 30 वेन्टीलेटर मिले

राजभवन : 3 फरवरी, 2021

❖ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से फ्लिपकार्ट एवं गिव इण्डिया संस्था द्वारा अपने सी0एस0आर0 फण्ड का उपयोग करते हुये प्रदेश में चिकित्सा संस्थानों के उपयोगार्थ 30 मेक-इन-इंडिया वेन्टीलेटर उपलब्ध कराये गये।



"एक बेहतर समाज के लिये सभी लोगों मे समाज सेवा का बोध होना जरूरी है समाज के असहाय लोगों की मदद करना ईश्वरीय सेवा से कम नही है। लोगों की मदद करने से आत्म संतुष्टि की प्राप्ति होती है और गर्व का अनुभव होता है।"

–आनंदीबेन पटेल

# राजभवन में 'महिला समृद्धि महोत्सव' का आयोजन

**राजभवन : 8-10 मार्च, 2021**

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजभवन स्थित बड़ा लान में नाबार्ड तथा सहयोगी संस्थाओं किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय एवं ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ के सहयोग से 'महिला समृद्धि महोत्सव' एवं प्रर्दशनी का शुभारम्भ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने किया।
- महिला समृद्धि महोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम में उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा, समानता, स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता के विभिन्न पहलुओं की जानकारी विषय विशेषज्ञों तथा लोक विधाओं जैसे नाटक, पपेट, जादू आदि माध्यम से दी गयी।
- 'महिला समृद्धि महोत्सव' के दूसरे दिन महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से जैम, जैली, आचार, मुरब्बा तथा मशरूम के बारे में भी उद्यान विभाग तथा ए0के0टी0यू0 की खाद्य प्रसंस्करण यूनिट के सहयोग से विस्तृत जानकारी दी गयी तथा जैम, जैली तैयार कराकर व्यवहारिक जानकारी भी प्रदान की गयी।
- उद्घाटन अवसर पर राज्यपाल ने नाबार्ड द्वारा




'महिला समृद्धि महोत्सव' एवं प्रर्दशनी का शुभारम्भ करती हुई राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल



प्रशिक्षण प्राप्त करती स्वयं सहायता समूह की महिलाएं

उत्तर प्रदेश की 10,000 ग्रामीण महिलाओं को 1,000 स्वयं सहायता समूहों के रूप में संगठित करने हेतु एक करोड़ रूपये की धनराशि का स्वीकृत पत्र भेंट करते हुये नाबार्ड को निर्देश दिया कि यह धनराशि और अधिक होनी चाहिये।

❖ राजभवन में आयोजित प्रदर्शनी में प्रदेश के समस्त 75 जिलों के स्वयं सहायता समूहों ने अपने–अपने उत्पाद का प्रदर्शन किया, जिनकी बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदारी की।

❖ प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 5 स्वयं सहायता समूह को स्मृति चिन्ह तथा प्रतिभाग करने वाले समस्त समूहों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला समृद्धि कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया गया।




राजभवन में आयोजित 'महिला समृद्धि महोत्सव' एवं प्रर्दशनी के शुभारम्भ अवसर पर अपने विचार रखते हुए मा0 राज्यपाल।

❑❑

# राजभवन में त्रिदिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**राजभवन : 19–21 मार्च, 2021**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन प्रागंण में 19 से 21 मार्च, 2021 तक होने वाली राजभवन उत्तर प्रदेश तथा राजभवन मध्य प्रदेश के बीच अन्तर्राज्यीय खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ वॉलीबाल मैच से किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने फीता काट कर तथा गेंद उछाल कर प्रतियोगिता की शुरूआत की। दोनों टीमों के बीच सम्पन्न हुये रोमांचक मैच में राजभवन उत्तर प्रदेश ने दो–शून्य से विजय प्राप्त की। खेल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश राजभवन की ओर से कप्तान अशोक देसाई, तथा उप कप्तान अनिल कुमार सिंह थे जबकि खिलाड़ियों में प्रभाकर पाण्डेय ,ऋषिपाल, पप्पू कुमार विनय राय, अब्दुल हक, पवन श्रीवास्तव, धर्मेंद्र, अरविंद यादव, राजेश तृतीय तथा अरविंद चौहान तथा खेल मैनेजर जमाल अहमद शामिल थे जबकि मध्य प्रदेश राजभवन की बॉलीबाल टीम में खेल मैनेजर अमित दीक्षित, और खिलाडी सुरेन्द्र सिंह कप्तान, रवीन्द्र सिंह तोमर, विनय जाट, शिवम सिंह, योगेश सिंह, अजय शर्मा, व दीपक सैंगर शामिल थे।

त्रिदिवसीय अन्तर्राज्यीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन क्रिकेट मैच एवं वालीबाल मैच खेला गया। प्रथम पाली में 8 बजे से क्रिकेट मैच राजभवन उत्तर प्रदेश तथा राजभवन मध्य प्रदेश के बीच खेल का शुभारम्भ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा दोनों टीमों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात शुरू हुआ। दोनों टीमों के मध्य कुल 12–12 ओवर का मैच हुआ। राजभवन उत्तर प्रदेश के कैप्टन अशोक देसाई ने टास जीता और फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। राजभवन मध्य प्रदेश की टीम ने बैटिंग करते हुए 12 ओवर में 10 विकेट पर 53 रन बनाएं और राजभवन उत्तर प्रदेश को जीत के लिए 54 रन का लक्ष्य दिया। मध्य प्रदेश की ओर से फराज खान ने 2 छक्के और एक चौका लगाकर





वालीबाल मैच का अवकोलन करती हुई राज्यपाल।

अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 18 रन बनाए। जवाब में राजभवन उत्तर प्रदेश की टीम ने 8वें ओवर की समाप्ति पर 54 रन बनाकर विजय श्री प्राप्ति की। कैप्टन अशोक देसाइ ने ओपनिंग में आकर सर्वाधिक 20 रन बनाकर नाबाद रहते हुए अपनी टीम को विजय श्री दिलायी। राजभवन उत्तर प्रदेश की तरफ से अरविंद यादव ने सर्वाधिक 4 विकेट लिये। क्रिकेट टीम राजभवन उत्तर प्रदेश की ओर से कप्तान अशोक देसाई, सचिन राय, अरविन्द यादव, प्रभाकर पाण्डेय, असीम बरूआ, संजय कुमार, अश्विनी, धर्मेन्द्र सिंह, देवांश, मनीष, वरूण और त्रिलोक सिंह नेगी ने भाग लिया जबकि राजभवन मध्य प्रदेश की और से टीम के कप्तान दीपक सेंगर, हरि ओम शुक्ला, राम बाबू, अजय शर्मा, फराज खान, राजकुमार चौरसिया, महेन्द्र, मनीष साहू, प्रदीप भार्गव, सानू खान, प्रताप बारिया एवं महेश धुर्वे ने भाग लिया। खेल की कमेंट्री जमाल सिद्दीकी ने की।

इसके साथ ही द्वितीय पाली में वालीबाल प्रतियोगिता में राजभवन उत्तर प्रदेश तथा राजभवन मध्य प्रदेश के बीच रोमांचक मैच खेला गया। दोनों टीमों के बीच हुये मुकाबले में राजभवन उत्तर प्रदेश ने विजय प्राप्त की।

खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन रोमांचक क्रिक्रेट मैच में राजभवन उत्तर प्रदेश ने विजयश्री हासिल की। इसके पश्चात राजभवन के गांधी हाल में समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें खिलाड़ियों को उपहार एवं प्रमाण पत्र वितरित करते हुये राज्यपाल जी ने कहा कि एक अच्छा खिलाड़ी वह है जो हार और जीत को बिना विचलित हुए स्वीकार करता है। उन्होंने कहा कि गर्व, लक्ष्य को पाने के लिये किये गये प्रयत्न में निहित है, ना कि उसे पाने में।

राज्यपाल ने सभी खिलाड़ियों का अभिनन्दन करते हुए कहा कि जिन्होंने जीत प्राप्त की है उन्हें बधाई तथा जो लोग अच्छे अभ्यास के बावजूद विजयश्री प्राप्त नहीं



**क्रिकेट मैच खेलते हुए प्रतिभागी**




प्रमाण-पत्र प्राप्त खिलाड़ियों के साथ मा0 राज्यपाल।

कर सकें, वे हताश व निराश न होकर, आगे और बेहतर तैयारी के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा ले। उन्होंने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का 'फिट इण्डिया', योगभ्यास और 'खेलो और भारत खेलो' जैसे अभियान केवल एक मंत्र नहीं हैं, बल्कि स्वस्थ और समृद्ध जीवन का आधार है। इसलिए सभी लोगों को फिटनेस और खेल को अपने जीवन शैली का आधार बनाना चाहिये।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री महेश कुमार गुप्ता, ओ0एस0डी0 शिक्षा डॉ. पंकज जानी सहित राजभवन के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण तथा खिलाड़ी उपस्थित थे।

**"हमारे वैज्ञानिको ने कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई को कम समय में मजबूत बनाने का उल्लेखनीय काम किया है। मै उन सबसे अपील करता हूँ कि जो लोग कोरोना का टीका लगाने के योग्य है वे वैक्सीन लें। आइये साथ मिलकर भारत को कोविड-19 मुक्त बनाये।"**

**- मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**

# राज्यपाल ने 'मध्य जोन कुलपति सम्मेलन' का उद्घाटन किया

राजभवन : 8 फरवरी, 2021

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सबसे बड़ी विशेषता 2030 तक सौ प्रतिशत युवा और प्रौढ़ साक्षरता की प्राप्ति करना है। पूरे देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के




'मध्य जोन कुलपति सम्मेलन' का राजभवन लखनऊ से वर्चुअली सम्बोधित करते हुए मा0 राज्यपाल।

अमलीकरण को लेकर व्यापक विचार–विमर्श हो रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 21वीं सदी के भारत के सामाजिक और आर्थिक जीवन को नई दिशा देने वाली है। प्रधानमंत्री जी की संकल्पना है कि देश के विश्वविद्यालय गुणवत्ता रैंकिंग में सुधार करते हुए सौ तक की रैंक प्राप्त करने के लिए हर सम्भव प्रयास करें। इस दिशा में विदेशी विश्वविद्यालयों से समझौता महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह उद्गार उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने भारतीय विश्वविद्यालय संघ एवं श्री श्री विश्वविद्यालय, कटक, उड़िसा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'मध्य जोन कुलपति सम्मेलन' का राजभवन लखनऊ से ऑनलाइन उद्घाटन करते हुए व्यक्त किए।

राज्यपाल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के 'आत्मनिर्भर भारत' विजन के दृष्टिगत उच्च शिक्षा प्रणाली युवाओं को अवसर प्रदान करेगा और उनकी क्षमता के रोजगार के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि जब विद्यार्थी कौशल विकास करेंगे तो, वे स्वयं का उद्यम भी आसानी से प्रारम्भ कर सकेंगे और उससे औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलेगा। आज मेक इन इण्डिया, स्टार्ट अप इण्डिया, स्वच्छ भारत अभियान, डिजिटल इण्डिया, स्मार्ट सिटी मिशन, जन–धन योजना, आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आदर्श ग्राम योजना, अटल पेंशन योजना, ऑपरेशन ग्रीन्स मिशन, एक भारत–श्रेष्ठ भारत, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से न्यू इंडिया का कार्य तेज गति से प्रगतिरत है।

राज्यपाल ने कहा कि तकनीकी विश्वविद्यालयों और कृषि विश्वविद्यालय के समन्वय से किसानों के लिए वजन में हल्के और सस्ते टिकाऊ कृषि उपकरण विकसित करने चाहिए, जो किसानों को आसानी से उपलब्ध कराये जा सकें।

# दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का ऑनलाइन उद्घाटन

राजभवन : 12 फरवरी, 2021



"भारतीय संस्कृति एवं परम्परा के प्रतीक, राजनीति के पुरोधा, बहुमुखी प्रतिभा के धनी और लक्ष्य अंत्योदय-प्रण अंत्योदय-पंथ अंत्योदय... एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय देश के उन महान सपूतों में थे, जिन्होंने देश और समाज की सेवा करते हुए अपना सारा जीवन राष्ट्र के चरणों में अर्पित कर दिया।"

–राज्यपाल

# इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी अपने सदस्यों की संख्या बढ़ाएं

राजभवन: 18 फरवरी, 2021




मा0 राज्यपाल की अध्यक्षता में इण्डियन रेडक्रास सोसायटी के 25 जनपदों की बैठक

"रेडक्रॉस सोसायटी सम्भ्रांत लोगों, समाजसेवियों सरकारी विभागों तथा विद्यालयों में भी अपना जनसम्पर्क बढ़ाकर अपने सदस्यों की संख्या बढ़ायें ताकि रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से किये जाने वाले सामाजिक कार्यो के लिये फण्ड जुटाने के साथ-साथ उन्हें भी सामाजिक कार्यो से जोड़ा जा सके।"

–राज्यपाल

# आंगनवाड़ी केन्द्रों पर सौ प्रतिशत बच्चे आएं

राजभवन : 9 मार्च, 2021

- जनपद मेरठ के दायमपुर शहरी क्षेत्र के प्राइमरी स्कूल में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्र पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ से सम्बद्ध मेरठ परिक्षेत्र के 30 इंजीनियरिंग कालेजों द्वारा उपलब्ध कराये गये बच्चों को खेलकूद एवं पठन सामग्री तथा गर्भवती महिलाओं हेतु पौष्टिक आहार वितरण राज्यपाल ने किया।
- आंगनबाड़ी केन्द्र को बच्चों के उपयोगार्थ 60 हजार रूपये की सामग्री खिलौने, प्ले बुक, पंचतंत्र की कहानियाँ, एजुकेटिव मैपस, व्हाइट बोर्ड, भोजन स्टोर करने वाला बर्तन, वेइंग मशीन, हाईटगेज, फर्स्ट एड बॉक्स (मेडिकल किट), हैंडवाश, थाली, कटोरे, ग्लास और चम्मच, आसन (कम्बल), बेंच दिये गये।




जनपद मेरठ के दायमपुर शहरी क्षेत्र के प्राइमरी स्कूल में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम को राजभवन से वर्चुअली सम्बोधित करते हुए मा0 राज्यपाल।

**"बच्चों में खिलौनों के प्रति आकर्षण होता है। अतः वे खेल-खेल में पढ़ना सीखेंगे तथा प्रेरक कहानियों के माध्यम से उन्हें शिक्षा व संस्कार दोनों प्राप्त होंगे। हम सबका प्रयास होना चाहिए कि आंगनवाड़ी केन्द्रों पर सौ प्रतिशत बच्चे आएं। समाज के संभ्रान्त नागरिकों का दायित्व होना चाहिए कि वे अपने परिवार के किसी सदस्य का जन्मदिन आंगनवाड़ी केन्द्र के बच्चों को फल एवं मिठाई वितरण कर जन्मदिन को यादगार बनाये। यह क्षण उनके लिए महत्वपूर्ण तो होगा ही बच्चों को भी सदैव स्मरण रहेगा और उनकी खुशी भी बढ़ेगी।"** **– आनंदीबेन पटेल**

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट जन बृज रत्न आवार्ड-2020 से सम्मानित

**राजभवन : 05 अप्रैल, 2021**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन उत्तर प्रदेश से आनलाइन कार्यक्रम में सहभागिता करते हुये इनक्रेडिबल इंडिया फाउण्डेशन द्वारा आगरा के होटल क्लार्क सिराज में आयोजित बृज रत्न आवार्ड–2020 समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट जनों को बृज रत्न आवार्ड–2020 से सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आप सभी ने बृज की संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये समर्पण भाव से कार्य किया है। यह कार्य किसी राष्ट्र सेवा से कम नही है।बृज भूमि राधा कृष्ण के अबाध प्रेम की नगरी है, जिसने अपने रसोमय चिन्तन से न केवल देश में अपितु विश्व में भक्ति एवं ज्ञान की गंगा से प्रवाहित की है। ऐसी धरती को मैं नमन करती हूं। उन्होंने कहा कि बृज के गीत संगीत एवं लोक परम्परा आज भी समृद्ध हैं।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि आगरा का इतिहास गौरवशाली रहा है। इस नगरी का आध्यात्म, साहित्य, शिल्प एवं ललित कलाओं आदि में विशिष्ट योगदान है, स्थापत्य कला का अद्वितीय स्मारक ताजमहल विश्व प्रसिद्ध है आज यहां पर स्थानीय होटल क्लार्क सिराजमें प्रख्यात विभूतियों को सम्मानित किया जाना बहुत ही सराहनीय है। आप सभी ने बृज संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में समर्पण भाव से कार्य किया है। मेरा मानना है कि किसी भी संस्कृति का संरक्षण और उसका संवर्धन किसी राष्ट्र सेवा से कम नहीं है। मैं बृज रत्न प्राप्त करने वाले सभी विशिष्ट जनों को हार्दिक बधाई देती हूं।

इस अवसर पर बृज रत्न पुरस्कार 2020 प्राप्त करने वालों में पूज्या दीदी मां साध्वी ऋतम्भरा, पद्म श्री संत श्री रमेश बाबा जी महाराज तथा पद्म श्री डा0 ऊषा यादव आदि शामिल थे।



बृज रत्न आवार्ड-2020 समारोह को सम्बोधित करती हुई मा0 राज्यपाल

# सभी विश्वविद्यालय कोरोना टीकाकरण में सक्रिय सहभागिता करें

**राजभवन : 9–10 अप्रैल, 2021**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन से आनलाइन प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालय के कुलपतियों तथा कुलसचिवों से 11 से 14 अप्रैल 2021 तक उत्सव के रूप में होने वाले कोरोना टीकाकरण अभियान सफल बनाने के संबंध में विचार–विमर्श किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि टीकाकरण के इस महा अभियान को सफल बनाने हेतु प्रत्येक विश्वविद्यालय एक कार्य योजना बनाकर कार्य करें तथा इस कार्य में उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्रों, जनप्रतिनिधियों स्वयं सेवी संस्थाओं को जोड़कर जन सामान्य को भी प्रेरित करने को अपील की।



**कुलपतियों तथा कुलसचिवों से 'टीकाकरण उत्सव' को सफल बनाने के संबंध में विचार–विमर्श करते हुए मा0 राज्यपाल।**

राज्यपाल ने कहा कि सभी विश्वविद्यालय अपने 45 वर्ष से अधिक आयु के समस्त स्टाफ तथा सभी छात्र अपने अभिभावकों को अवश्य ही कोरोना का टीका लगवायें। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन के इस महाअभियान में अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण कराया जाना है। अतः कुलपति व रजिस्ट्रार इस कार्य को पूरी गम्भीरता से लें तथा प्रतिदिन विश्वविद्यालय द्वारा कराये गये टीकाकरण की रिपोर्ट राजभवन को भेजें।

# रोटरी सामाजिक सेवा का पर्याय है




**रोटरी मण्डल के 37वें वार्षिक अधिवेशन को राजभवन से आनलाइन सम्बोधित करते हुए मा0 राज्यपाल।**

**"रोटरी सामाजिक सेवा का पर्याय है। यह विश्व का सबसे बड़ा अन्तर्राष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन है, जो कि स्वास्थ्य, शिक्षा, शांति, सद्भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।"**

# क्षय रोग नियंत्रण अभियान जन आंदोलन की तरह चलाया जाये

**राजभवन : 10 अप्रैल, 2021**

उत्तर प्रदेश क्षय रोग निवारक संस्था की वार्षिक सामान्य बैठक राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन के गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यपाल ने उपस्थित सदस्यों को सम्बोधित करते हुये कहा कि क्षय रोग निवारण अभियान की सफलता जनजाग्रति एवं सामाजिक सहभागिता से ही सम्भव है। अतः सभी प्रतिनिधि कैलेण्डर बनाकर प्रत्येक जिले में जनांदोलन के रूप में चलाना चाहिये।

राज्यपाल ने सदस्यों से अपील की कि वे क्षयरोग ग्रसित बच्चों के घर जाकर उन्हें फल मिठाई, गुड़, चना, मूंगफली, सत्तू आदि दें तथा बच्चे एवं उनके परिवार से संवाद स्थापित करें इससे आत्मीयता की भावना को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि यदि प्रबुद्ध वर्ग, समाज सेवी, चिकित्साविद्, राजनैतिज्ञ, शिक्षाविद् एवं निजी क्षेत्र




उत्तर प्रदेश क्षय रोग निवारक संस्था की वार्षिक सामान्य बैठक की अध्यक्षता करती हुई मा0 राज्यपाल।

जागरूकता कार्यक्रम चलाये तथा अधिक से अधिक क्षय रोग ग्रसित बच्चों को गोद लें। उन्होंने कहा कि जो बच्चे स्वस्थ हो चुके है, उनके स्थान पर दूसरे बीमार बच्चे लिये जा सकते है।

राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त की कि जनपदों में जिलाधिकारी, सीडीओ, पुलिस अधीक्षक आदि स्तर के अधिकारी क्षय रोग ग्रसित बच्चों को गोद ले रहे हैं। इस कार्य में विश्वविद्यालयों, स्वयं सेवी संस्थाओं व समाज सेवियों का सहयोग मिल रहा है। हमें इसे सभी अपने राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व समझेंगे तो वह दिन दूर नहीं जब हमारा प्रदेश व देश क्षय रोग मुक्त हो जायेगा।

इस अवसर पर राज्यपाल सहित समस्त सदस्यों ने वर्तमान कमेटी के समाप्त हुये कार्यकाल को ध्वनिमत से आगे के लिये अनुमोदित कर दिया।

बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री महेश कुमार गुप्ता तथा उत्तर प्रदेश क्षय रोग निवारक संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

# शिक्षा नीति के बदले कलेवर को समग्रता में देखा जाना चाहिए

**राजभवन: 11 अप्रैल, 2021**

वैश्विक महामारी के कारण उत्पन्न संकट ने ई–पाठ्यक्रम और डिजिटल शिक्षा के महत्व को बढ़ाया है। कोविड ने हमें डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की प्रेरणा दी है। पठन–पाठन के तरीकों पर लगातार शोध करते रहने की जरूरत है, जिससे विपरीत हालात में भी विद्यार्थियों की पढ़ाई किसी प्रकार से बाधित न होने पाये। अब फ्लिप क्लास रूम का समय है, वर्चुअल लैब भी जरूरी है। यह विचार उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन लखनऊ से ऑनलाइन राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद एवं इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 2nd Zone-wise meeting on "All India Analysis of Accreditation Report" नार्थ रीजन में प्रतिभाग कर रहे उत्तर भारत के आठ राज्यों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये।



**नैक एवं इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मा0 राज्यपाल।**

राज्यपाल ने कहा कि एक अच्छी शिक्षा व्यवस्था नये भारत के सामाजिक और आर्थिक विकास के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण है। वैश्वीकरण के आज के युग में शिक्षण संस्थानों के समक्ष स्वयं को वैश्विक स्तर पर स्थापित एवं प्रस्तुत करने की बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि उच्चतर शिक्षा में गुणवत्ता, उत्कृष्टता के साथ–साथ प्रासंगिकता का भी मूल्य बढ़ा है।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा के लिए यह जरूरी नहीं है कि सब कुछ क्लास रूम में ही हो। प्रयोगशाला को कक्षा और कक्षा को प्रयोगशाला में परिवर्तित करने का समय है। शिक्षकों की स्किल को बढ़ाने के लिए लगातार काम करने का समय है। उन्होंने कहा कि अध्यापक और अध्यापिकाओं को और संवेदनशील, उत्साही एवं विद्यानुरागी बनाने के लिये उनके प्रशिक्षण की सतत् आवश्यकता है।

# कोरोना महामारी से निपटने के लिए राजभवन में सर्वदलीय बैठक

**राजभवन : 11 अप्रैल, 2021**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने राजभवन में कोविड–19 की रोकथाम हेतु आयोजित सर्वदलीय बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि विगत एक वर्ष में कोरोना महामारी से निपटने के लिए राज्य में योजनाबद्ध ढंग से त्वरित गति से कार्य किया गया था। सबके सम्मिलित प्रयासों से कोरोना के फेज–1 की लड़ाई लड़ी गयी और इसमें उत्तर प्रदेश पूरी तरह से सफल रहा। उत्तर प्रदेश ने पूरे देश में कोरोना से जंग में सबसे अच्छा कार्य किया। इससे कोरोना पर प्रभावी नियंत्रण लगा और केसेज की संख्या नगण्य हो गयी थी।

राज्यपाल जी ने कहा कि अब कोरोना का वायरस अपना रूप बदलकर फिर से वापस लौटा है, जिससे स्थिति चिंताजनक हो गयी है। अब हमें अपने पुराने अनुभवों का लाभ लेते हुए कोरोना के फेज–2 को शीघ्र नियंत्रित करना होगा, ताकि इसका फैलाव रुके। उन्होंने कहा कि सुखद यह है कि अब कोरोना का वैक्सीन उपलब्ध है। अतः वैक्सीनेशन कार्य को प्रभावी ढंग से करना होगा। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि कोरोना के फेज–2 की जंग में भी उत्तर प्रदेश प्रथम आयेगा।

राज्यपाल जी ने कहा कि कोरोना से जंग में राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्कृष्ट कार्य किया गया। मुख्यमंत्री जी ने कोरोना संक्रमण को रोकने तथा संक्रमित मरीजों को दिये जाने वाले उपचार इत्यादि की स्थिति और प्रगति की जानकारी लेने के लिए प्रदेश के सभी जनपदों का निरन्तर दौरा किया।

राज्यपाल जी ने कहा कि कोरोना के फेज–2 संक्रमण से लड़ने के लिए हम सबको प्रयास करने होंगे। लोगों को कोविड प्रोटोकॉल मानने के लिए जागरूक करना होगा। ट्रेसिंग, टेस्टिंग और ट्रीटमेन्ट के मंत्र को प्रभावी ढंग से लागू करने के साथ–साथ लोगों को मास्क पहनने के विषय में भी जागरूक किया जाए और मास्क न पहनने वालों से जुर्माना वसूला जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों के विद्यार्थियों के वैक्सीनेशन पर विचार किया जाना चाहिए। साथ ही, इनके परिवारों में मौजूद 45 वर्ष तथा इससे ऊपर के सदस्यों का भी वैक्सीनेशन कराया जाना चाहिए। इससे बड़ी संख्या में वैक्सीनेशन हो सकेगा। उन्होंने शहरों की रिहायशी सोसायटियों में ऐसी निगरानी समितियां बनाने का सुझाव दिया, जो अपने सदस्यों की आवश्यकताओं के अनुसार बाजार से खरीदारी कर सामान उन्हें उपलब्ध करा सकें, ताकि बाजारों में कम भीड़ हो।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि विगत वर्ष जब कोरोना महामारी सामने आयी तब प्रदेश में कोविड टेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध नहीं थी, परन्तु आज प्रदेश में 02 लाख टेस्टिंग की क्षमता मौजूद है। पिछले वर्ष कोरोना से जंग में




कोविड–19 की रोकथाम हेतु आयोजित सर्वदलीय बैठक को सम्बोधित करते हुए मा0 राज्यपाल।

प्रदेश में बहुत से कार्य हुए। कोविड संक्रमण की रोकथाम और इसके उपचार के सम्बन्ध में अनेक नये कदम उठाए गये। इसके चलते कोरोना संक्रमण को नियंत्रित करने में सफलता मिली। संक्रमण कम होने बाद कोरोना केसेज सिर्फ दहाई में ही रिपोर्ट हो रहे थे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कोरोना का नया वायरस चिंताजनक है, जो तीव्रता से संक्रमण फैला रहा है। लोगों को संक्रमण से बचने के लिए सावधानी बरतनी होगी। कोरोना प्रोटोकॉल का अनुपालन करना होगा। राज्य सरकार द्वारा कोरोना के इस नये रूप से निपटने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग और टेस्टिंग बढ़ाई जा रही है। रेलवे स्टेशनों और हवाई अड्डों पर टेस्टिंग की जा रही है। इसी प्रकार फोकस्ड टेस्टिंग पर ध्यान दिया जा रहा है। जनता का सहयोग अपेक्षित है।

कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य तथा डॉ0 दिनेश शर्मा ने भी सम्बोधित किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री स्वतंत्रदेव सिंह, कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि श्री सोहेल अख्तर अंसारी तथा बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि श्री लाल जी वर्मा ने भी बैठक में अपने विचार व्यक्त किये। कांग्रेस तथा बी0एस0पी0 के प्रतिनिधियों ने सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी पार्टियां कोरोना के खिलाफ जंग में राज्य सरकार के सभी निर्णयों के साथ हैं। बैठक का संचालन चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सुरेश खन्ना ने किया।

# कोरोना नियंत्रण एवं प्रबन्धन के संदर्भ में प्रदेश के स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल संवाद

**राजभवन : 12 अप्रैल, 2021**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेली जी ने कहा कि राज्य सरकार भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार तेज गति से समुचित रूप से कोरोना प्रबन्धन एवं उसके नियंत्रण पर कार्य कर रही है। देश में उत्तर प्रदेश में पिछले वर्ष कोरोना प्रबन्धन बहुत बेहतर तरीके से हुआ था, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण प्रवासी श्रमिकों के कल्याण की व्यवस्था थी। उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता हमारी शक्ति है। सभी कोरोना प्रभावित व्यक्ति तक हम मदद पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। यही हमारी भक्ति भी है।



स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त व्यक्त करती हुई मा0 राज्यपाल।

राज्यपाल जी कोरोना नियंत्रण एवं प्रबन्धन के सन्दर्भ में प्रदेश की स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों के साथ आज आयोजित वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रही थीं। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर कोरोना पर नियंत्रण करना होगा। इसके लिए कोरोना प्रोटोकॉल का पालन बहुत जरूरी है। कोरोना श्रृंखला को तोड़ने एवं जन–जागरूकता हेतु विश्वविद्यालय, कॉलेजों, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री, ग्राम पंचायत सदस्यों का अमूल्य योगदान प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने अपने सरकारी आवास से वर्चुअल संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश कोरोना के खिलाफ देश की लड़ाई में अपनी भूमिका का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने स्थानीय निकायों के अध्यक्षों, सदस्यों एवं जन समुदाय से अपना सम्पूर्ण योगदान देने की अपील करते हुए कहा कि सभी स्तर पर निगरानी समितियों तथा आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सक्रिय योगदान प्राप्त किया जाए।

कोरोना प्रबन्धन के इस संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी ने अलीगढ़, वाराणसी, प्रयागराज व सहारनपुर के महापौर से कोरोना रोकथाम के सम्बन्ध में किए जा रहे उपायों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने देवरिया नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष व नगर पंचायत, फरह जनपद मथुरा के अध्यक्ष से वार्तालाप करते हुए कोविड नियंत्रण सम्बन्धी कार्यों की भी जानकारी प्राप्त की।

# राजभवन से धर्माचार्यों एवं धर्मगुरूओं के साथ वर्चुअल बैठक

**राजभवन : 13 अप्रैल, 2021**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कोविड–19 संक्रमण के बचाव हेतु राजभवन से धर्माचार्यों एवं धर्मगुरूओं के साथ वर्चुअल बैठक की। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि कोरोनो की पहली लहर में सबका सहकार मिला और सबने मिलकर काम किया, जिससे हम मानवता की रक्षा कर सके। सभी ने अपना–अपना दायित्व निभाया। राज्यपाल ने कहा कि अब ये दूसरी लहर अधिक खतरनाक है, संक्रमण तेज है, रोकथाम एवं उपचार हेतु सभी तरह के उपाय हो रहे हैं। सभी धर्मगुरूओं द्वारा जो कोविड नियंत्रण के उपायों को अमल में लाया जा रहा है। वे सराहनीय हैं।



कोविड–19 पर धर्माचार्यों एवं धर्मगरूओं के साथ वर्चुअल बैठक करती हुई मा0 राज्यपाल।

राज्यपाल ने जनसामान्य से अपील की कि कोविड–19 के सुरक्षात्मक उपायों का कड़ाई से सभी पालन करें। मास्क लगाने के साथ–साथ दो गज की दूरी बनाएं रखें। उन्होंने धर्माचार्यों से अपील की कि 45 वर्ष तथा उससे ऊपर के उम्र के लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करें तथा वैक्सीन के संबंध में फैलायी जा रही अफवाहों से बचे। उन्होंने धर्माचार्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी साथ मिलकर कोरोना को हराएंगे।

इस अवसर पर वर्चुअल बैठक में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ, स्वास्थ्य मंत्री सुरेश खन्ना, मथुरा से धर्मगुरू राम कमल दास वेदान्ती जी, लखनऊ से मौलाना खालिद रशीद फिरंगी जी व मौलाना कल्बे जव्वाद तथा बौद्ध धर्म के भन्ते जी, कानपुर से ज्ञानी गुरूचरण जी, आगरा से बादल जी, अयोध्या से महन्त कमल नयनदास जी सहित अन्य जिलों से भी धर्मगुरूओं तथा अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद व अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल ने भाग लिया।

# दाण्डी यात्रा भारत की पहली आत्मनिर्भर यात्रा

**राजभवन : 13 अप्रैल, 2021**

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन से इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज द्वारा आयोजित 'दाण्डी यात्रा–एवं आत्मनिर्भर भारत एक चर्चा' विषयक संगोष्ठी तथा 'एकल प्रदर्श प्रदर्शनी' का ऑनलाइन उद्घाटन करते हुए कहा कि महात्मा गांधी की दाण्डी यात्रा भारत की पहली आत्मनिर्भर यात्रा थी, जिसके द्वारा अंग्रेजी शासन के विरूद्ध स्वदेशी नमक बनाकर देश को आत्मनिर्भर करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि 12 मार्च, 1930 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से दाण्डी मार्च की शुरूआत करके अपनी अहिंसात्मक ताकत का परिचय दिया था।

राज्यपाल ने कहा कि प्रयागराज जो उस समय इलाहाबाद के नाम से जाना जाता था, वह स्वाधीनता आन्दोलन का बहुत बड़ा केन्द्र था। दाण्डी में महात्मा गांधी द्वारा बनाये गए नमक का एक हिस्सा 13 अप्रैल, 1930 को प्रयागराज लाया गया। यह दाण्डी–नमक इलाहाबाद वासियों के लिए कोई मामूली नमक नहीं था, अपितु देश में हजारों की संख्या में स्वाधीनता की अपेक्षा रखने वाले भारतवासियों के लिए एक जगी हुई उम्मीद की किरण थी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने देश के दर्द को महसूस किया और नमक सत्याग्रह के रूप में लोगों की नब्ज को समझा। इसलिए यह आन्दोलन जन–जन का आन्दोलन बन गया था।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि 15 अगस्त, 2022 को भारत अपनी स्वतंत्रता संग्राम की 75वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। देशवासियों में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसके लिये 'अमृत महोत्सव' मनाये जाने का निर्णय लिया है, जो सभी के लिये खुशी का अवसर है। उन्होंने कहा कि यह अमृत महोत्सव पूरे एक साल तक मनाया जायेगा। इसकी शुरूआत 12 मार्च, 2021 को प्रधानमंत्री जी द्वारा की जा चुकी है। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी और संगोष्ठी के माध्यम से इलाहाबाद संग्रहालय 'अमृत महोत्सव' में अपना योगदान दे रहा है।



**इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज द्वारा आयोजित 'दाण्डी यात्रा–एवं आत्मनिर्भर भारत एक चर्चा' विषयक संगोष्ठी तथा 'एकल प्रदर्श प्रदर्शनी' के मौके पर मा0 राज्यपाल।**

# उपराष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के साथ राज्यपालों की बैठक सम्पन्न

**राजभवन : 14 अप्रैल, 2021**

मा0 उपराष्ट्रपति श्री एम0 वेंकैया नायडु की अध्यक्षता में मा0 प्रधानमंत्री, गृहमंत्री एवं देश के समस्त राज्यपालों के साथ कोविड–19 के 'वैक्सीन उत्सव' के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें उप राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले एक साल से कोविड के खिलाफ देश व्यापी अभियान चल रहा है, जिसमें हमने सफलता भी पायी, लेकिन कोविड–19 का दूसरा स्ट्रेन देश में तीव्र गति से बढ़ रहा है। जिस पर हमें काबू पाने के लिये सभी सुरक्षात्मक उपायों के साथ–साथ सामाजिक सहभागिता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने प्रदेश के समस्त राज्यपालों से अपील की कि वे समस्त राजनीतिज्ञ दलों, धर्मगुरूओं, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, महापौरों के साथ समन्वय बैठक आयोजित कर कोरोना के नियंत्रण के सामूहिक प्रयास करें तथा कोविड टीकाकरण के कार्य को गति प्रदान करें और लोगों से सुरक्षात्मक उपायों के साथ–साथ अनिवार्य रूप से मास्क लगाने के लिए प्रेरित करें, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से भी जागरूकता अभियान चलाया जाए।

मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यपालों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्यपाल सरकार एवं समाज के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है। अतः राज्यपाल आपसी समन्वय बनाकर कोविड के नियंत्रण हेतु हर स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएं जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को सफल बनाने में एन0सी0सी0, एन0एस0एस0, रेड क्रास, सामाजिक संगठन तथा विश्वविद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए हमें समाज के हर व्यक्ति को इस अभियान में शामिल करना होगा। उचित होगा कि हम माइक्रो कंटेंटमेंट जोन पर अधिक बल दें। हमें हर हाल में कोरोना के बढ़ते प्रभाव को रोकना है। जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इसमें हमारे राज्यपालों की महत्वपूर्ण भमिका हो सकती है।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने बताया कि




**मा0 उपराष्ट्रपति श्री एम0 वेंकैया नायडू की अध्यक्षता में मा0 प्रधानमंत्री, गृहमंत्री एवं देश के समस्त राज्यपालों के साथ कोविड–19 के 'वैक्सीन उत्सव' के संबंध में बैठक में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।**

राजभवन के समस्त कार्मिकों तथा उनके परिजनों जो 45 आयु के ऊपर के थे, का टीकाकरण कराया गया। इसके पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च, 2021 को राजभवन में कार्यरत समस्त महिलाओं का टीकाकरण कराया गया था। उन्होंने कहा कि 'टीका उत्सव' के अन्तर्गत प्रदेश के सभी जनपदों में 11 अप्रैल से आज 14 अप्रैल, 2021 तक लगभग आठ हजार से अधिक केन्द्रों पर 45 वर्ष या उससे ऊपर के लोगों को टीका लगाया गया।

राज्यपाल द्वारा टीका उत्सव को सफल बनाने के लिए प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, कुलसचिवों के साथ 10 अप्रैल, 2021 को वर्चुअल मीटिंग की गयी। उन्होंने विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया कि वे एक कार्य योजना बनाकर विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध लगभग 50 हजार से अधिक महाविद्यालयों के छात्रों के माध्यम से उनके अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों एवं स्वंयसेवी संस्थाओं को जोड़कर प्रत्येक ग्राम सभा में जनसामान्य को प्रेरित कर टीकाकरण कराएं। इस संबंध में प्रदेश के विश्वविद्यालयों के माध्यम से सैंतालिस हजार छह सौ इक्यासी लोगों का 'टीका उत्सव' में टीकाकरण हुआ तथा दो लाख से अधिक लोगों को टीकाकरण हेतु प्रोत्साहित किया गया।

राज्यपाल ने यह भी बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के साथ कोविड–19 के संबंध में सर्वदलों, धर्मगुरूओं तथा नगर निगमों के मेयरों साथ बैठक बुलाई गई। इन बैठकों में सभी के सम्मिलित प्रयासों से ट्रेसिंग, टेस्टिंग और ट्रीटमेंट को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिये विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। तद्क्रम में शहरों की रिहायशी इलाकों में निगरानी समितियां बनाई गयी। साथ ही लोगों को जागरूक करने के साथ–साथ सरकारी तथा निजी अस्पतालों में इलाज की सुविधा तथा शुल्क की वसूली की मॉनटरिंग पर बल दिया गया है। सभी राजनीतिक दलों ने कोरोना संक्रमण रोकने के लिये राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी प्रकार का सहयोग देने पर सहमति दी गई है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आशा वर्कर के सहयोग से टीकाकरण को गति प्रदान की गई।

राज्यपाल ने बताया कि प्रदेश में 1.5 लाख से अधिक डेडिकेटेड कोविड बेड्स की व्यवस्था की गयी तथा सभी 75 जनपदों की प्रयोगशालाओं में दो लाख से अधिक प्रतिदिन जांचे की जा रही हैं एवं 14 अप्रैल, 2021 तक तीन करोड़ छिहतत्तर लाख से अधिक जांचे की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश की आबादी देश में सर्वाधिक होने के बाद भी देश के अन्य प्रदेशों की तुलना में यहां पॉजटिव केस की संख्या कम है। वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश सातवें स्थान पर है।

राज्यपाल ने बताया कि मेरे द्वारा स्वयं अनेक जिलों का भ्रमण कर स्वयं सहायता समूहों, कुपोषित एवं क्षय रोग बच्चों के उत्थान एवं विकास हेतु चर्चाएं की गयीं तथा विश्वविद्यालय के माध्यम से आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से सुविधा सम्पन्न बनाने के साथ–साथ 25 हजार से अधिक क्षय रोग ग्रसित बच्चों को गोद लेकर उन्हें चिकित्सा एवं पोषण सामग्री उपलब्ध करायी गयी। इनमें से अधिकांश बच्चें स्वस्थ भी हो चुके हैं। इसके साथ ही रेडक्रास सोसायटी के क्रियाकलापों को भी गति प्रदान की गयी तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्री को प्रशिक्षण दिये जाने का कार्य वाराणसी से शुरू किया गया ताकि आंगनवाड़ी को और सुदृढ़ बनाया जा सके।

कार्यक्रम में समस्त राज्यों के राज्यपाल वर्चुअली जुड़े थे।

# शिक्षार्थी मुक्त विश्वविद्यालयों से गुणात्मक शिक्षा प्राप्त करें

**राजभवन : 15 अप्रैल, 2021**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने बरेली में उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के बरेली क्षेत्रीय केन्द्र के निजी भवन का आनलाइन लोकार्पण करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय प्रदेश का एक मात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जो मुक्त शिक्षा के माध्यम से प्रदेश के कोने–कोने में शिक्षा हर वर्ग तक पहुंचाने में सफल रहा है शिक्षार्थी मुक्त विश्वविद्यालय के माध्यम से स्थान, समय एवं आयु की प्रतिबद्धताओं से मुक्त होकर गुणात्मक शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।




**उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के बरेली क्षेत्रीय केन्द्र के निजी भवन का आनलाइन लोकार्पण करती हुई मा. राज्यपाल।**

❑❑

# स्वयं सहायता समूह से महिलाओं को मान, सम्मान एवं गौरव मिला

**गोरखपुर : 09 फरवरी, 2021**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने गोरखपुर के सर्किट हाउस में स्वयं सहायता समूहों, क्षय रोग ग्रसित बच्चों एवं किसान उत्पादक संगठन, प्रगतिशील किसानों के साथ बैठक की इस मौके पर राज्यपाल ने स्वयं सहायता समूहों को 7 करोड़ 33 लाख 10 हजार रूपये का डेमो चेक, जिसमें 1074 समूहों का रिवाल्विंग फन्ड तथा 520 समूहों को एक लाख 10 हजार सम्मिलित है तथा सामुदायिक शौचालय के तहत 2 महिलाओं को चाभी एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत कोटे की एक दुकान चयन का नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस मौके पर 11 स्वंय सेवी संस्थाओं द्वारा स्टाल लगाये गये थे, जिसका राज्यपाल ने विधिवत अवलोकन किया।




**स्वयं सहायता समूह की महिला को सामुदायिक शौचालय के तहत चाभी प्रदान करती हुई राज्यपाल।**

❑❑

# राष्ट्र की संस्कृति और अस्मिता की पहचान उसकी भाषा से होती है

**लखनऊ : 7 फरवरी, 2021**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल कहा है कि किसी भी राष्ट्र की भाषा उसका गौरव होती है। राष्ट्र की संस्कृति और अस्मिता की पहचान उसकी भाषा से होती है। विश्व में वही देश और समाज प्रतिष्ठा का पात्र होता है, जो अपनी भाषा और अपने संस्कारों का अभिमानी होता है। ये विचार उन्होंने उद्घाटन ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में स्टडी सेन्टर एवं स्टूडेन्ट फैसिलिटी सेन्टर के उदघाटन अवसर पर व्यक्त किये। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय द्वारा अब हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, अरबी तथा फारसी के साथ–साथ संस्कृत भाषा के भी पाठ्यक्रम चलाये जा रहे हैं। मुझे इस बात की भी प्रसन्नता है कि विश्वविद्यालय में टर्किस, पाली, प्राकृत एवं अन्य भाषाओं के लिये भी एक विस्तृत कमेटी बना दी गयी है। जिसमें विभिन्न प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों के भाषा विशेषज्ञों को शामिल किया गया है।



ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में स्टडी सेन्टर का उद्घाटन करते हुये मा. राज्यपाल।

# सभी महाविद्यालय आंगनवाड़ी केन्द्रों को गोद लें

**देवरिया : 10 फरवरी, 2021**

- ❖ राज्यपाल ने समूह की महिलाओं को प्रमाण पत्र तथा 3 करोड 56 लाख 25 हजार का प्रतीक चेक राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत उन्हे स्वालम्बन के लिये दिया,



समूह की महिलाओं को 3 करोड़ 56 लाख 25 हजार का राज्यपाल ने दिया प्रतीक चेक

- ❖ विद्युत बिल के संग्रह हेतु समूह की महिला राधा कुशवाहा व रिन्कु देवी को थर्मल प्रिन्टर, प्रतिभा देवी व शीला देवी, रतन देवी, वर्फी देवी सहित स्वयं सहायता समूह की 5 महिलाओं को सामूदायिक शौचालय की चाबी दी गयी।
- ❖ राज्यपाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण के 5–5 लाभार्थियों को आवास की चाबी दी
- ❖ राज्यपाल ने 28 रोगियों को कंबल व दवा किट आदि भी दिया।

# आंगनबाड़ी का शिक्षण कार्य अति महत्वपूर्ण है

**लखनऊ : 8 फरवरी, 2021**

❖ मा0 राज्यपाल की प्रेरणा से डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ से सम्बद्ध 26 इंजीनियरिंग कालेजों के सहयोग से कुल 130 आंगनबाड़ी केन्द्रों को पठन पाठन एवं खेलकूद सामग्री वितरित की गयी, जिसकी अनुमानित लागत 55,000 रूपये प्रति आंगनबाड़ी केन्द्र के हिसाब से 71.50 लाख रूपये है।



सरोजनी नगर आंगनवाड़ी केन्द्र पर बच्चों हेतु कार्यकत्री को पठन-पाठन एवं खेलकूद सामग्री देती हुई मा. राज्यपाल।

❖ 8 फरवरी, 2021 को लखनऊ स्थित विकासखण्ड सरोजनीनगर के ग्राम धामापुर में 40 आंगनबाड़ी केन्द्रों को तथा 24 मार्च, 2021 को लखनऊ स्थित मोहनलालगंज आंगनबाड़ी केन्द्र के शेरपुर केन्द्र पर 60 आंगनबाड़ी केन्द्रों को पठन–पाठन एवं खेलकूद सामग्री वितरित की गयी। पठन–पाठन सामग्री के अन्तर्गत खिलौने, प्ले बुक, पंचतंत्र की कहानियाँ, एजुकेटिव मैपस, व्हाइट बोर्ड, भोजन स्टोर करने वाला बर्तन, वेइंग मशीन, हाईटगेज, फर्स्ट एड बॉक्स (मेडिकल किट), हैंडवाश, थाली, कटोरे, ग्लास और चम्मच, आसन (कम्बल), बेंच थे।



मोहनलालगंज, लखनऊ स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र पर पोषण सामग्री प्राप्त महिलाएं।



सरोजनीनगर आंगनबाड़ी केन्द्र में वितरित की जाने वाली सामग्री के साथ




मोहनलालगंज, लखनऊ स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में खाद्य सामग्री एवं खिलौने वितरण कार्यक्रम में

> **"पठन-पाठन खेलकूद एवं पोषण सामग्री वितरण का ये कार्यक्रम, संस्कार शिक्षा एवं आरोग्य को समर्पित हैं। नई शिक्षा पद्धति के तहत आज बच्चों को ये सामान उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके मिलने से आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों में आकर्षण पैदा होगा और वे आंगनबाड़ी केन्द्रों पर प्रसन्नतापूर्वक आयेंगे। हमारे आंगनबाड़ी केन्द्रों को हर हाल में आकर्षण का केन्द्र बनना चाहिये। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को चाहिये कि ये खेलकूद एवं पठन-पाठन सामग्री बच्चों के लिये उपलब्ध कराये।"**
>
> **-आनंदीबेन पटेल**

## डरो मत, थको मत और प्रगति के रास्ते पर निरन्तर आगे बढ़ते रहो

**प्रतापगढ़ : 15 फरवरी, 2021**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल ने जनपद प्रतापगढ़ के सांई काम्प्लेक्स में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी, ओ0डी0ओ0पी0 के उद्यमियों, प्रगतिशील कृषक एवं कृषक उत्पादक संगठन, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन एवं रेड क्रास सोसाइटी से सम्बन्धित अधिकारियों व स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि महिलायें समूह बनाकर स्वयं बचत करें तो आजीविका मिशन के माध्यम से सरकार द्वारा भी आर्थिक मदद दी जायेगी, जिससे वह रोजगार कर सकती है और आगे बढ़ सकती हैं।




राज्यपाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना ओ0डी0ओ0पी0 के उद्यमियों एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थियों को आवास की चाबी दी।

राज्यपाल ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि समाज की चिन्ता न करें, वे सही दिशा में काम कर रही हैं और उनके परिवार की आय में बढ़ोत्तरी हो रही है। तो कुछ दिन बाद यही समाज आपको सम्मान देगा। उन्होंने सभी आवास लाभार्थियों को बिजली एवं उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, पेयजल, शौचालय आदि की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

## राज्यपाल की रेडक्रास सोसाइटी एवं समाजसेवी संगठनों के साथ बैठक

**जौनपुर : 15 फरवरी, 2021**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जौनपुर भ्रमण के दौरान वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के सभाकक्ष में रेड क्रॉस सोसाइटी एवं क्षय रोग के मरीजों को गोद लेने वाले समाजसेवी संगठनों के साथ बैठक की।

इस अवसर पर राज्यपाल के समक्ष जनपद के 23 स्वयं सेवी संगठनों द्वारा 0 से 25 वर्ष तक के क्षय रोग से ग्रसित कुल 709 बच्चों को गोद लिया गया। एक अन्य कार्यक्रम में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा आज वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के सभा कक्ष में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के साथ बैठक की गई।



रेडक्रास सोसाइटी एवं समाजसेवी संगठनों के साथ बैठक

# देश के किसान सशक्त एवं समृद्ध हो

**मथुरा : 23 फरवरी, 2021**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने उ0प्र0 पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान मथुरा के सभाकक्ष में स्वयं सहायता समूह, किसान उत्पादक संगठन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा रेडक्रास सोसायटी के साथ बैठक की। राज्यपाल ने इस अवसर पर कुपोषित बच्चों एवं महिलाओं को फल एवं उपहार आदि भी भेंट किये।



राज्यपाल ने कुपोषित बच्चों एवं महिलाओं को फल एवं उपहार भेंट किये

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने राज्यपाल को बताया कि समूह की महिलाओं द्वारा आचार, अगरबत्ती, मोमबत्ती, सिलाई–कढ़ाई तथा अन्य उत्पाद बनाने का कार्य किया जा रहा है।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने किसानों की आय बढ़ाने तथा खेती को लाभप्रद बनाने का सुझाव देते हुए जैविक खेती पर जोर दिया।

# हाथरस में दिव्यांग महिलाओं को ट्राई साइकिल वितरित करते हुए राज्यपाल

**हाथरस : 24 फरवरी, 2021**



# आंगनवाड़ी केंद्र व प्राइमरी स्कूल का निरीक्षण

**वाराणसी : 3 मार्च 2021**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जनपद वाराणसी के आराजीलाइन विकास खंड की ग्राम सभा शहंशाहपुर के आंगनवाड़ी केंद्र व प्राइमरी स्कूल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने आंगनवाड़ी केन्द्र द्वारा लगाये गये विभिन्न स्टालों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। राज्यपाल ने आंगनवाड़ी केन्द्र को बच्चों के उपयोग हेतु खिलौने, गेम, बर्तन, कुर्सी आदि दिया।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मा० राज्यपाल।

**"देश में एक ऐसा वर्ग है जिसके पास सब कुछ है तथा एक वर्ग ऐसा है जो अभावग्रस्त है। समाज के ऐसे दोनों वर्गो को आपस में जोड़कर सेतु बनाएं। प्रशासन के सहयोग से आंगनवाड़ी केंद्रों पर जहां गरीब के बच्चे आते हैं, उन्हें मजबूत करें।"**

**–राज्यपाल**



राजातालाब वाराणसी में गुजरात की गीर नस्ल की 116 गाये कृषकों को वितरित करते हुए मा० राज्यपाल

# जनपद मिर्जापुर में स्वयंसेवी संस्थाओं तथा अधिकारियों के साथ बैठक

**मिर्जापुर : 3 मार्च, 2021**



मा. राज्यपाल नें स्वयं सहायता समूह को सहायता राशि का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, एफ0पी0ओ0 तथा प्रगतिशील किसानों के साथ बैठक की तथा ग्रामीण आजीविका मिशन की महिलाओं द्वारा तैयार किये गये उत्पादों का अवलोकन किया और सामुदायिक शौचालय की चाभी एवं प्रमाण पत्र राजकुमारी सरिता देवी, भारती देवी सहित 11 महिलाओं को दी, इसके साथ ही प्रधानमंत्री / मुख्यमंत्री आवास योजना के स्वीकृत पत्र एवं चाभी भी वितरित किये।

**''स्वयं सेवी संस्थाओं तथा महाविद्यालयों को अपने सामाजिक दायरे को बढ़ाते हुये देश एवं प्रदेश को क्षय रोग व कुपोषण मुक्त करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिये तथा महाविद्यालयों को अपने-अपने क्षेत्र में क्षय रोग एवं कुपोषण ग्रस्त बच्चों को अपनी-अपनी क्षमता के अनुसार स्वेच्छा से गोद लेना चाहिये।'' -राज्यपाल**

# राज्यपाल ने गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित किया

**प्रयागराज: 4 मार्च, 2021**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने प्रयागराज के कटरा स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न करने हेतु आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा आँगनबाड़ी केन्द्र को बच्चों के उपयोगार्थ 60,000 रुपयें की सामग्री वितरित की।



गर्भवती महिलाओं को पोषण किट का वितरण करतीं मा0 राज्यपाल।

राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केन्द पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई और उन्हें अच्छे से खानपान, सरकारी अस्पताल में ही डिलीवरी कराने, स्वच्छता का विशेष ख्याल रखने आदि की सीख दी तथा गर्भवती महिलाओं को पोषण किट का वितरण किया।

# देश की आत्मा ग्रामीण व वनवासी अंचलों में बसती है

**सोनभद्र : 14 मार्च, 2021**

भारत के राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द, राज्यपाल श्रीमती आनदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद सोनभद्र भ्रमण के दौरान सेवा समर्पण संस्थान सेवाकुंज आश्रम परिसर के निकट आयोजित वनवासी समागम कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर राष्ट्रपति जी द्वारा सेवा समर्पण संस्थान सेवाकुंज आश्रम के नवनिर्मित बिरसा मुंडा बनवासी विद्यापीठ स्कूल व अन्त्योदय पत्रकुल का उद्घाटन किया गया। राष्ट्रपति जी ने स्थानीय भाषा में कहा कि विन्ध्यवासिनी व ज्वाला देवी जी से आशीर्वाद लेवे के लिए आईल बानी। उन्होंने कहा कि वे बहुत पहले आश्रम में आना चाह रहे थे, किन्तु कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत पिछले वर्ष नहीं आ सके। यह इच्छा आज पूरी हो गई। जनपद सोनभद्र प्राकृतिक सम्पदाओं से परिपूर्ण है और ऊर्जा की राजधानी है। उन्होंने बिरसा मुंडा के जीवन मूल्यों व अन्य महापुरुषों के जीवन मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि इन महापुरुषों का जीवन मानव सेवा के लिए था। उन्होंने कहा कि सेवा समर्पण संस्थान सेवाकुंज शिक्षा जगत का मंदिर है। शिक्षा का कार्य करने वाले संस्थान सेवाकुंज का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सोनभद्र में शिक्षा प्रकल्प के लोग बेहतर शिक्षा की व्यवस्था कर रहे हैं और उच्च शिक्षा की भी व्यवस्था जारी है। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जनपद में आदिवासी समाज की विविधता एवं एकता देखने को मिल रही है। अनुसूचित जनजाति के लोक कलाओं को बढ़ावा देकर प्रदेश, देश व विश्व में इनके प्रदर्शन का मौका दिया जाए। आदिवासी समाज ने भगवान श्रीराम की भी मदद की थी। वनवासी समाज की सफलता देखने को मिल रही है, जिससे देश का गौरव बढ़ रहा है। कृषि




**नवनिर्मित बिरसा मुंडा बनवासी विद्यापीठ स्कूल व अन्त्योदय छात्रकुल का उद्घाटन करते हुये राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द, साथ में राज्यपाल श्रीमती आनदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

सहित सभी क्षेत्रों में विकास हुआ है, सोनभद्र एक दिन आदिवासी विकास का केन्द्र होगा।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राष्ट्रपति जी का स्वागत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की पावन धरती कारीडाढ़ में स्कूल व हॉस्टल का उद्‌घाटन करने से पहले वर्ष 2001 में सांसद के रूप में महामहिम ने यहां आकर सांसद निधि से भवन बनवाने के लिए सहायता की थी। उन्होंने आदिवासियों की तरीफ करते हुए कहा कि सेवा समर्पण संस्थान सेवाकुंज आश्रम, आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास को अपना विजन मानता है। उन्होंने कहा कि सेवाकुज परम्परागत कार्य, शिक्षा के अधिकारों के लिए कार्य करता है। साथ ही, नारी समाज को मजबूत बनाता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सोनभद्र वासियों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रपति जी की उपस्थिति इस आकांक्षात्मक जनपद को विकसित जनपद के रूप में प्रस्तुत करने का माध्यम भी बनने जा रही है। जनप्रतिनिधिगणों के प्रयास और आदरणीय प्रधानमंत्री जी की अनुकम्पा से राज्य सरकार एक नये मेडिकल कॉलेज की स्थापना भी सोनभद्र जनपद में करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों को मकान, हर घर बिजली, हर घर पेयजल, स्वास्थ्य की सुविधा हर गरीब को मिले, हर नौजवान को रोजगार, हर खेत को पानी देने के कार्यों के अलावा अन्य लोक कल्याणकारी योजना को आगे बढ़ाने का, हर व्यक्ति की आय को कई गुना बढ़ाना और आकांक्षात्मक जनपद को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास देश के अंदर प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में प्रारम्भ हुआ है।

# जागरण फोरम २०२१,“ गंगा पर्यावरण और भारतीय संस्कृति” सेमिनार

**वाराणसी : 15 मार्च, 2021**




**वाराणसी में जागरण समूह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में माननीय राष्ट्रपति जी के साथ मंच पर उपस्थिति।**

# सरकार थारू युवाओं का कौशल विकास कर उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए प्रयासरत

**बलरामपुर : 18 मार्च, 2021**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जनपद बलरामपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान द्वारा संचालित महाराणा प्रताप ग्रामोदय इण्टर कालेज इमिलिया कोडर पचपेड़वा के परिसर में कम्प्यूटर लैब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का शुभारम्भ करते हुए कहा कि यह केन्द्र थारू जनजाति के युवाओं को और आगे बढ़ने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग कम्प्यूटर युग है। आगे बढ़ने के लिए तकनीकी ज्ञान बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के द्वारा तकनीकी रूप से समाज के लोग कुशल एवं सक्षम बनते हैं। शिक्षा एवं समाज के बीच एक पारस्परिक संबंध है। शिक्षा सशक्तीकरण का एक माध्यम होती है एवं शिक्षा से ही व्यक्ति के लिए प्रगति के मार्ग खुलते हैं।



**मा0 राज्यपाल ने कम्प्यूटर लैब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का शुभारम्भ किया**

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने प्रसन्नता व्यक्त की कि थारू जनजाति की लोककला और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए इमिलिया कोडर गांव में एक संग्रहालय का निर्माण कराया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल ने राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन एवं महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनके उत्पादों की प्रशंसा की।



**राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन एवं महिला स्वयं सहायता समूह द्धारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मा0 राज्यपाल।**

# १७ से २४ मार्च तक 'टी0बी0 जागरूकता सप्ताह' के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी

लखनऊ : 19 मार्च, 2021

''चिकित्सा विज्ञान ने आज बहुत प्रगति की है और अनुसंधान के फलस्वरूप अब यह टी0बी0 बीमारी असाध्य नहीं रह गयी। इसका पूरी तरह से उपचार किया जा सकता है अतः प्रशासनिक अधिकारी, शैक्षिक संस्थान, स्वयं सेवी संस्थायें तथा उद्योगपति आदि 18 वर्ष से कम उम्र के क्षय रोग से ग्रसित बच्चों को गोद लें और उनकी विशेष देखभाल करें।''

– राज्यपाल



राज्यपाल ने गोद लिये गये बच्चों को फल, मिठाई, गुड़, चना आदि वितरित किया

# डॉ0 राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ का प्रथम स्थापना दिवस समारोह

लखनऊ : 20 मार्च, 2021



''यदि बाल एवं महिला वार्डो की दीवालों पर शिक्षाप्रद बातें लिखी जायें तथा बीमार बच्चों के लिए खेलकूद सामान तथा पोषण सामग्री रखी जाये तो इलाज के लिये आने वाले बच्चों का ध्यान बीमारी से हटाकर उसकी ओर आकर्षित होगा तथा वे जल्दी स्वस्थ होंगे। इस प्रकार के प्रयोगों पर विचार किया जाना चाहिए।

– आनंदीबेन पटेल

# रोटरी व लायन्स क्लब तथा स्वयं सेवी संगठनों से कन्नौज सर्किट हाउस में बैठक

**कन्नौज : 23 मार्च, 2021**

- ❖ राज्यपाल ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत पंजीकृत स्वयं सहायता समूह तथा कुषक उत्पादक संगठनों के साथ बैठक तथा प्रदर्शनी का अवलोकन किया।
- ❖ कुपोषण एवं क्षयरोग मुक्त तथा आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिये क्षयरोग नियंत्रण चिन्हीकरण कार्य नियमित रूप से करना चाहिये ताकि उनका उपचार हो सके।



स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पाद की प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मा0 राज्यपाल।

- ❖ बड़े एन0जी0ओ0 व्यापारी महाविद्यालयों के माध्यम से क्षयरोग ग्रसित बच्चों को गोद लेने की मुहिम से 2021 तक देश को क्षयरोग मुक्ति के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।
- ❖ कार्यक्रम में 0–18 वर्ष के 104 क्षयरोग ग्रसित बच्चों को गोद लिया गया।





इत्र बनने की प्रक्रिया की जानकारी लेती मा0 राज्यपाल।

> **"स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आपको आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है इससे इससे आपका सम्मान बढ़ा है अब आपको समाज में बाल–विवाह एवं दहेज जैसी कुरीतियों को समाप्त करने की सार्थक पहल करनी चाहिये।"**
>
> **– आनंदीबेन पटेल**

# दीक्षान्त समारोह : बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी

**राजभवन : 5 फरवरी, 2021**

- बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी का 25 वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ, जिसमें स्नातक के 32,917, परास्नातक के 8,727 तथा पीएच0डी0 के 49 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गयी।
- दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने एम0एस0सी0 (कृषि) की छात्रा सुश्री दीपमाला जैन को कुलाधिपति स्वर्ण पदक सहित 5 पदक प्रदान किये।
- मेधावी छात्र–छात्राओं को 77 पदक वितरित किये गये।
- कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को पठन–पाठन एवं खेलकूद सामग्री तथा फल वितरित किये गये।




बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी के दीक्षांत समारोह में ऑनलाइन सहभाग करती हुई राज्यपाल

**"प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष एवं दीक्षांत पर्व अपने साथ एक नयी चुनौती तथा नयी संभावना लेकर आता है। जिन स्नातकों ने इस अवसर पर पदक एवं पुरस्कार प्राप्त किये हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि नए समाज और नए भारत के निर्माण में विद्यार्थी अपना योगदान देंगे।"**

**– आनंदीबेन पटेल**

# दीक्षान्त समारोह : मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर

**राजभवन : 9 फरवरी, 2021**

- मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी, विश्वविद्यालय गोरखपुर के 5वें दीक्षान्त समारोह में 1191 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गयी, जिसमें 859 छात्र एवं 332 छात्राएं थी तथा 15 विद्यार्थियों को पीएच0डी0 की उपाधि दी गयी।
- कुलाधिपति ने 16 छात्र–छात्राओं को गोल्ड मेडल एवं 20 छात्र–छात्राओं को अन्य पदक प्रदान किये।




दीक्षान्त समारोह में मेडल एवं उपाधि पाने वाले छात्र–छात्राओं के साथ राज्यपाल।

**"शिक्षा हमें एक अच्छा नागरिक बनाती है, यह डिग्री सिर्फ कागज का टुकड़ा नहीं बल्कि आपका और देश का भविष्य है। आज तक आपने प्रौद्योगिकी क्षेत्र में जो कुछ सीखा है, उसका उपयोग समाज के लिए करें। गांव-गांव जाकर महिलाओं, बच्चों की समस्याओं को समझ कर उसे हल करने का कार्य भी करें। नई शिक्षा नीति में दिये गये प्राविधानों के अनुसार 2030 तक देश के 50 प्रतिशत युवाओं को कालेज, विश्वविद्यालय तक पहुंचाना है, यह तभी संभव है जब हम अपनी प्राथमिक शिक्षा को मजबूत करें, प्राथमिक शिक्षा में बच्चे आयेंगे तभी उच्च शिक्षा के लिए युवा तैयार होंगे। हम लोग इस कार्य में तभी सफल हो पायेंगे जब प्रत्येक गांव का हर एक बच्चा स्कूल जाने लगे।"**

**– कुलाधिपति**

# दीक्षान्त समारोह : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

**जौनपुर : 16 फरवरी, 2021**

- ❖ वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर का 24वां दीक्षान्त समारोह सम्पन्न हुआ, जिसमें 1,56,522 विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि तथा 62 अभ्यर्थियों को पीएच0डी0 की उपाधि प्रदान की गयी।
- ❖ स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र–छात्राओं को 73 पदक प्रदान किये गये, जिसमें 47 छात्राएं और 26 छात्र हैं।
- ❖ राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'गतिमान' का विमोचन किया।
- ❖ कार्यक्रम में कक्षा 6 से 8 तक के 51 बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य साम्रगी, फल तथा मिठाई का वितरण किया।




वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मेडल एवं उपाधि प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के साथ मा0 राज्यपाल।




राज्यपाल ने बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य साम्रगी एवं फल उपहार भेंट किए

**"छात्र–छात्राएं कठोर परिश्रम और सतत् अध्ययन से एक महत्वपूर्ण मंजिल पार कर अपने जीवन का एक स्वर्णिम अध्याय प्रारम्भ कर रहे हैं। विद्यार्थी अपने जीवन में उच्च आदर्शो को संरक्षित करते हुए दृढ़ निश्चय के साथ उन्हें अपने जीवन में भी उतारें। आगामी जीवन यात्रा में आपके द्वारा अर्जित उच्च शिक्षा एक बड़ा संबल है। ज्ञान ही शक्ति है। इस उक्ति को जीवन में चरितार्थ करते हुए आपको भविष्य का मार्ग तय करना है।**

**–आनंदीबेन पटेल**

# दीक्षान्त समारोह : उ0प्र0 पं. दीन दयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो–अनुसंधान संस्थान मथुरा

**मथुरा : 23 फरवरी, 2021**

- उ0प्र0 पंड़ित दीन दयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो–अनुसंधान संस्थान मथुरा का 10वां दीक्षान्त समारोह सम्पन्न हुआ, जिसमें स्नातक के 74, परास्नातक के 41 तथा पीएच0डी0 के 13 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गयी।
- 14 विद्यार्थियों को पदक वितरित किये गये।



उ0प्र0 पं0दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान मथुरा का दसवां दीक्षान्त समारोह सम्पन्न

**"भारत जैसे कृषि प्रधान देश में पशुपालन एक अहम आजीविका का स्रोत है। पशुधन क्षेत्र में निरन्तर प्रगति ने भारत को दुनिया भर में सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश बनाया है। राष्ट्र के विकास हेतु दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता को वर्ष 2025 तक दोगुना करने एवं पशुओं को रोगमुक्त करने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पशु विशेषज्ञों को किसानों एवं पशुपालको के बीच समन्वय स्थापित कर नवीनतम तकनीकियों का आदान–प्रदान करना होगा। प्रत्येक छात्र का दायित्व है कि वे अपने कर्तव्यों का पालन कर्मनिष्ठा से करें और हर कदम पर चुनौतियों का सामना करते हुए एक आत्म विश्वासी नागरिक बनकर उभरें। अनुशासन, परिश्रम, ईमानदारी एवं जिम्मेदारियों के पथ पर चलकर आप देश के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में एक सशक्त माध्यम बनेंगे।"**

**– कुलाधिपति**

# दीक्षान्त समारोह : भातखण्डे संगीत संस्थान अभिमत विश्वविद्यालय, लखनऊ

**लखनऊ : 1 मार्च, 2021**

- भातखण्डे संगीत संस्थान अभिमत विश्वविद्यालय, लखनऊ का 10वां दीक्षान्त समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें 5 पीएच0डी0, 72 परास्नातक, 44 स्नातक समेत कुल 121 डिग्रियां प्रदान की जबकि 44 विद्यार्थियों को पदक प्रदान किये, जिसमें से महिलाओं को 13 गोल्ड, 5 सिल्वर और 6 कॉस्य पदक प्रदान किये गये।
- विश्वविद्यालय द्वारा आमंत्रित किये गये स्कूली बच्चों को राज्यपाल ने बैग, पुस्तक, फल आदि वितरित किये।



- कार्यक्रम में राज्यपाल ने एक स्मारिका का विमोचन भी किया।



पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ कुलाधिपति

**"भारतीय संस्कृति में ज्ञान, विज्ञान, कला और संगीत की अमूल्य विरासत निहित है। उन्होंने कहा कि संगीत एक साधना है। उत्तर प्रदेश की संगीत परम्परा न केवल प्राचीनतम है, बल्कि सबसे अधिक समृद्ध रही है। यहां शास्त्रीय और भक्ति संगीत के साथ ही लोक संगीत का प्रचुर खजाना मौजूद है।"**

**–राज्यपाल**

# दीक्षान्त समारोह : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ

लखनऊ : 1 मार्च, 2021

- ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षान्त समारोह में 482 उपाधियों प्रदान की गयी, जिसमें 155 परास्नातक एवं 327 स्नातक के विद्यार्थी थे।
- 75 विद्यार्थियों को 85 मेडल प्रदान किये गये, जिसमें 40 मेडल छात्रों को तथा 45 मेडल छात्राओं को दिये गये। मरयम हफीज ने सर्वाधिक 4 गोल्ड मेडल प्राप्त किये।
- कुलाधिपति ने दीक्षान्त समारोह में उपस्थित स्कूली बच्चों को बैग, पुस्तकें तथा खेलकूद सामग्री आदि वितरित किये।



राज्यपाल ने स्कूली बच्चों को बैग, पुस्तक प्रदान किया।

- विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर मॉर्डन यूरोपियन एंड एशियन लैंग्वेज का कुलाधिपति ने शुभारम्भ किया, जिसमें जर्मन, फ्रेंच, जापानीज और कोरियन भाषाओं के पाठ्यक्रम शुरू किये गये।



मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ मा0 राज्यपाल

> "उपाधि पाने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए दीक्षान्त समारोह का यह दिन अत्यंत अविस्मरणीय होता है, क्योंकि इस दिन उनके कंधों पर अस्मिता को साबित करने, जीवन में एक मुकाम हासिल करने का दायित्व बोध आता है। अतः संस्थान के विद्यार्थी अपने साथ ही परिवार, समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपना सकारात्मक योगदान दें।"
>
> – कुलाधिपति

# दीक्षान्त समारोह : सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

**वाराणसी : 3 मार्च 2021**

- सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के 38वें दीक्षान्त समारोह में स्नातक के 11,118, स्नातकोत्तर के 4,653 एवं पीएच0डी0 के 16 विद्यार्थियों को उपाधियां दी गयी।
- 57 छात्र–छात्राओं को पदक देकर सम्मानित किया गया।




सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में अध्ययनरत स्पेन की मारिया को उपाधि प्रदान की गयी। मारिया ने मीमांसा आचार्य पाठ्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**"संस्कृत मात्र एक भाषा नहीं है, यह भारतीय संस्कृति का मूल आधार है, भारतीय सभ्यता की जड़ है, हमारी परम्परा को गतिमान करने का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। इसके साथ–साथ समस्त भारतीय भाषाओं की पोषिका है। संस्कृत ज्ञान के बिना किसी भी भारतीय भाषा में पूर्णता प्राप्त नहीं हो सकती। संस्कृत भाषा एवं सनातन संस्कृति के कारण ही भारतवर्ष एकता के सूत्र में आबद्ध है। क्योंकि संस्कृत शास्त्रों में कश्मीर से कन्याकुमारी तक तथा कामरूप से कच्छ तक के भूभाग को एक मानकर चिन्तन किया गया है।"**

**– कुलाधिपति**

# दीक्षान्त समारोह : उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

**प्रयागराज : 4 मार्च, 2021**

- उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के 15वें दीक्षान्त समारोह में 28,659 शिक्षार्थियों को उपाधियां प्रदान की गई, जिसमें 15492 पुरूष तथा 13167 महिला शिक्षार्थी थे तथा 3 पीएच0डी0 की उपाधि शोधार्थियों को दी गयी।
- राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा विभिन्न विद्या शाखाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों को 19 स्वर्ण पदक प्रदान किये गए, जिनमें 05 स्वर्ण पदक छात्रों तथा 14 स्वर्ण पदक छात्राओं ने प्राप्त किये।
- कार्यक्रम में प्राइमरी पाठशाला के आमंत्रित बच्चो को स्कूल जाने हेतु प्रेरित करने के लिए बैग एवं पुस्तकों का वितरण किया गया।



प्राइमरी पाठशाला के बच्चों को बैग एवं पुस्तक वितरित करती हुई मा0 राज्यपाल




मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

> **"वर्तमान युग दूरस्थ शिक्षा का है और इसका क्षेत्र अत्यन्त व्यापक है। औपचारिक शिक्षा की तुलना में यह ज्यादा व्यावहारिक, महत्वपूर्ण तथा सार्थक होती जा रही है। अतः 'प्रभावी शिक्षा' एवं 'शिक्षा शिक्षार्थी के द्वार तक' को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय अपने प्राध्यापकों के व्याख्यानों को यू-ट्यूब पर अपलोड कराकर छात्रों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर अश्वनलाइन व्यवस्था सुनिश्चित कराये।"**
>
> **– राज्यपाल**

# दीक्षान्त समारोह : प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज

**वाराणसी : 3 मार्च 2021**

- प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज के तीसरे दीक्षांत समारोह में 1,18,064 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गयी।
- राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा 41 छात्रों को स्वर्ण पदक, 2 छात्राओं को कुलाधिपति पदक तथा 2 छात्राओं को गुलाटी स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।



पदक प्राप्त छात्र-छात्राओं के साथ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।



क्षय रोग से ग्रसित गोद लिये गये बच्चों के साथ मा0 राज्यपाल

**"अगर हमारे विश्वविद्यालयों में चरित्रवान व्यक्ति का निर्माण हो तो निश्चित रूप से सामाजिक जीवन के विविध क्षेत्रों में एक मानक और प्रतिमान स्थापित होगा। अतः विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में अनिवार्य रूप से सामुदायिक जुड़ाव और सेवा, पर्यावरण शिक्षा और मूल्य आधारित शिक्षा को शामिल किया जाना चाहिए। इससे विद्यार्थी सक्रिय रूप से अपने सीखने के व्यवहारिक पक्ष के साथ जुड़ेंगे और स्वयं के रोजगार की सम्भावनाओं को भी बढ़ा सकेंगे।" – कुलाधिपति**

# दीक्षान्त समारोह : सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

राजभवन : 9 मार्च, 2021

- सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के दीक्षान्त समारोह में 175 स्नातक, 39 परास्नातक एवं 48 पीएच0डी0 समेत कुल 302 उपाधियां छात्र–छात्राओं को प्रदान की गयी।
- कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा 7 छात्र–छात्राओं को पदक देकर सम्मानित किया गया।






राज्यपाल ने सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के दीक्षांत समारोह को राजभवन से आनलाइन सम्बोधित किया।

**"दीक्षांत समारोह एक विशिष्ट अवसर है जब छात्र विद्यार्जन कर नये दायित्वों का निर्वहन करने के लिए अपने को समर्पित करता है। विश्वविद्यालय के सभी प्रतिभावान छात्र–छात्राएं अपने माता–पिता की अपेक्षाओं को फलीभूत करें और देश की प्रगति मे अपना अमूल्य योगदान दें। आज भारत दुग्ध उत्पादन मे विश्व का अग्रणी देश है, परंतु प्रति पशु उत्पादकता काफी कम है। इस क्षेत्र मे वृद्धि की अपार संभावनाएं हैं। हमारे देश की पशु नस्लें देश की परिस्थितियों के अनुकूल हैं। अतः इनके प्रजनन एवं संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की महत्वपूर्ण कड़ी हैं उनका सम्मान एवं सशक्तिकरण हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रसार द्वारा ग्रामीण महिलाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उन्हें स्वावलंबी बनाने का लक्ष्य होना चाहिए।"**

**– आनंदीबेन पटेल**

# दीक्षान्त समारोह : चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

**राजभवन: 09 मार्च, 2021**

- चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ का 32वां दीक्षान्त समारोह सम्पन्न हुआ, जिसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र–छात्राओं को कुल 1,33,384 उपाधियां दी गयी, जिसमें छात्राएं 84,755 एवं छात्र 48,629 थे। पीएच0डी0 के 152 विद्यार्थियों को उपाधियां दी गयी।
- राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने दीक्षान्त समारोह में 227 पदक छात्र–छात्राओं को प्रदान किये।



चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के दीक्षान्त समारोह को राजभवन से वर्चुअली सम्बोधित करते हुए मा0 राज्यपाल।

**"हम विश्व के सबसे युवा राष्ट्रों में से एक हैं और युवा कामगारों की बड़ी संख्या में उपलब्धता हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। युवा शक्ति की योग्यता का निर्माण उच्च शिक्षा की गुणवत्ता से ही सम्भव है। माननीय प्रधानमंत्री जी के 'आत्मनिर्भर भारत' विजन के दृष्टिगत उच्च शिक्षा प्रणाली मुख्य रूप से अनुसंधान और उद्योग-आधारित कौशल सशक्तीकरण पर केंद्रित हो, जो विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं को अवसर प्रदान करे और क्षमता के अनुसार प्रशिक्षण के साथ रोजगार के लिए मार्ग प्रशस्त करे।"**

**– कुलाधिपति**

# दीक्षान्त समारोह : डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या

**अयोध्या : 12 मार्च, 2021**

- डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या का 25वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न।
- कुलाधिपति द्वारा दीक्षान्त समारोह में 4,96,643 विद्यार्थियों को उपाधियों दी गयी, जिसमें 2,71,143 छात्राएं तथा 2,25,500 छात्र थे।
- 24 पीएच0डी0 के छात्राओं को उपाधियां वितरित की गयी।
- 70 मेधावियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 28 को कुलपति स्वर्ण पदक तथा 17 मेधावियों को विशिष्ट पदक प्रदान किये गये।
- मा0 राज्यपाल ने प्राथमिक विद्यालय के 25 छात्र–छात्राओं को पुस्तकें, फल एवं मिठाई वितरित किए और दो नवनिर्मित भवनो का लोकार्पण भी किया।



प्राथमिक विद्यालय के 25 छात्र–छात्राओं को पुस्तकें, फल एवं मिठाई आदि मा0 राज्यपाल ने वितरित किया



भवन का लोकार्पण करती मा0 राज्यपाल।

**"वैश्विक चुनौतियों के इस समय में विद्यार्थी शिक्षा–जगत में हो रहे परिवर्तनों पर अपना ध्यान केन्द्रित करते हुए अर्जित किए ज्ञान को जन–कल्याण के लिये यथार्थ के धरातल पर रूपांतरित करने की कला का विकास करें। युवा संसाधन के रूप में यह एक अच्छा अवसर है जब विधार्थी देश की सांस्कृतिक व बौद्धिक विरासत को अक्षुण्ण बनाये रखते हुए आर्थिक महाशक्ति के रूप में देश को आगे ले जाने में अपना योगदान प्रस्तुत कर सकते हैं।"**

**– राज्यपाल**

# दीक्षान्त समारोह : आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या

**अयोध्या : 12 मार्च, 2021**



मौलश्री का पौधा रोपित करते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

- ❖ आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के 22वें दीक्षान्त समारोह में कुल 579 उपाधियाँ विद्यार्थियों को वितरित की गयी, जिसमें पीएच0डी0 के 38 विद्यार्थी, स्नातकोत्तर के 139 विद्यार्थी तथा स्नातक के 402 विद्यार्थी थे।
- ❖ कुलाधिपति द्वारा 6 कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 11 कुलपति स्वर्ण पदक तथा 8 विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक समेत कुल 25 पदक छात्र–छात्राओं को पदक प्रदान किये गये।
- ❖ मा0 राज्यपाल ने नरेंद्र उद्यान में मौलश्री का पौधा रोपित किया तथा विश्वविद्यालय में एग्रीबिजनेस मेनेजमेंट में पठन–पाठन का शुभारम्भ भी किया।




आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या में एग्रीबिजनेस मेनेजमेंट का शुभारम्भ करते हुए मा0 राज्यपाल

> **"दीक्षान्त का दिन विद्यार्थियों के लिये अविस्मरणीय होता है, क्योंकि आज से उनके कंधों पर अस्मिता को साबित करने और जीवन में एक मुकाम हासिल करने का दायित्व बोध आता है। विश्वविद्यालय के प्रांगण में रहकर विद्यार्थियों ने जो ज्ञान अर्जित किया है, उसे किसानों के खेतों तक पहुंचायें और कृषि जगत में एक नई क्रांति को दिशा दें। विद्यार्थियों द्वारा अर्जित ज्ञान जब किसानों को लाभान्वित करेगा तभी उसकी सार्थकता सिद्ध होगी।"**
>
> **– राज्यपाल**

# दीक्षान्त समारोह : जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया

**बलिया : 13 मार्च, 2021**

❖ जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया के द्वितीय दीक्षांत समारोह में छात्र–छात्राओं को कुल 21,079 उपाधियाँ वितरित की गई, जिसमें 17,103 स्नातक व 3,976 परास्नातक के विद्यार्थी थे। छात्राओं ने 66.34 फीसदी उपाधि प्राप्त की।

❖ कुलाधिपति द्वारा 30 छात्र–छात्राओं को पदक से सम्मानित किया गया।

❖ मा0 राज्यपाल ने प्राथमिक विद्यालयों के 50 छात्र–छात्राओं को पुस्तकें, टिफिन, बॉक्स, किताबें फल एवं मिठाई वितरित की।

❖ मा0 राज्यपाल द्वारा विश्वविद्यालय की स्मारिका 'मंथन', 'अन्वीक्षण' तथा दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ की पुस्तक विचार–प्रवाह का लोकार्पण भी किया गया।




पदक व उपाधि वितरित करते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल



मा0 राज्यपाल ने प्राथमिक विद्यालय के छात्र–छात्राओं को पुस्तकें, टिफिन, बॉक्स, किताबें फल एवं मिठाई वितरित किया

> **"दीक्षांत शिक्षा के अंत का समारोह ही नहीं है, बल्कि यही से विद्यार्थी के जिन्दगी की कसौटी शुरू होती है। विद्यार्थी भविष्य की कठिनाइयों का सामना सफलतापूर्वक तभी कर पायेंगे, जब अपने भीतर के विद्यार्थी–भाव को सोने नहीं देंगे। जीवन में सफलता का मूलमंत्र कठिन परिश्रम है। सफलता की सीढ़ी कठिन परिश्रम से ही बनती है।"**
>
> **– राज्यपाल**

# दीक्षान्त समारोह : सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर

**सिद्धार्थनगर : 18 मार्च, 2021**

- सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर के चौथा दीक्षांत समारोह में 48,606 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गयी, जिसमें छात्र एवं छात्राएं क्रमशः 20,545 एवं 28,061 थे।
- मा0 राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा 34 मेधावी छात्र–छात्राओं को पदक प्रदान किये गये, जिसमें 24 छात्राएं तथा 10 छात्र थे।
- इस अवसर पर मा0 राज्यपाल द्वारा प्राइमरी पाठशाला के बच्चों को बैग एवं पठन–पाठन की सामग्री वितरित की गयी।




मेधावी विद्यार्थियों के साथ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

> **"गुरु से दीक्षा लेने के पश्चात् उसे गुरु–दक्षिणा देने का नियम भारतीय परम्परा में है। मैं विद्यार्थियों से गुरु दक्षिणा के रूप में एक संकल्प चाहती हूँ कि अपनी कम–से–कम एक उस बुराई को छोड़ने का प्रण लें जो समाज, प्रदेश, राष्ट्र और सम्पूर्ण सृष्टि के लिये हानिकारक हो।"**
>
> **– आनंदीबेन पटेल**

# दीक्षान्त समारोह : चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर

**कानपुर : 22 मार्च, 2021**

- चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के 22वें दीक्षान्त समारोह में कुल 643 विद्यार्थियों को उपाधियां दी गयी।
- 57 छात्र–छात्राओं को पदक दिये गये, जिसमें 26 पदक छात्रों एवं 31 पदक छात्राओं ने प्राप्त किया।




राज्यपाल ने मुख्य अतिथि एवं नीति आयोग, नई दिल्ली के उपाध्यक्ष डॉ0 राजीव कुमार को डॉक्टर ऑफ फिलासफी की मानद् उपाधि से अलंकृत किया

> "आवश्यकतायें एवं परिस्थितियां सदैव बदलती रहती हैं और नवीन चुनौतियां सामने आती रहती है। अतः यह आवश्यक है कि हम आने वाली कल की चुनौतियों का संज्ञान लें, विश्लेषण करें और उनका मुकाबला करने की योजना बनायें और क्षेत्र व परिस्थिति की आवश्यकता के अनुरूप कार्य करना प्रारम्भ करें।"
>
> – आनंदीबेन पटेल

# दीक्षान्त समारोह : छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

**कानपुर : 22 मार्च, 2021**

- छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर का 35वां दीक्षान्त समारोह सम्पन्न हुआ, जिसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र–छात्राओं को 1,90,207 तथा पीएच0डी0 के छात्र–छात्राओं को 31 उपाधियां वितरित की गयी।
- 54 मेधावी छात्र–छात्राओं को 88 पदक प्रदान किये गये।
- कार्यक्रम में आमंत्रित स्कूली बच्चों को राज्यपाल ने बैग एवं पठन–पाठन सामग्री वितरित की।




मेधावी छात्र–छात्राओं के साथ मा0 राज्यपाल

**"भारत की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो, स्वरोजगार, औद्योगीकरण को बढ़ावा मिले और बेरोजगारी की समस्या जड़ से समाप्त हो, इस दिशा में मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसे अनेकों महत्वाकांक्षी अभियान चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि नए भारत की इन सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं में युवा बढ़–चढ़कर हिस्सा लें और न्यू इंडिया का निर्माण कर, इस राष्ट्र को विश्व के उन्नतशील राष्ट्रों की सूची में शामिल करें।"**

**– आनंदीबेन पटेल**

# दीक्षान्त समारोह : बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा

**राजभवन : 08 अप्रैल, 2021**

- बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा के छठे दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा 12 विद्यार्थियों को पदक देकर सम्मानित किया गया तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर के 138 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गयी।
- कार्यक्रम में मा0 राज्यपाल द्वारा आमंत्रित स्कूली बच्चों को उपहार दिया गया।




**बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा के छठे दीक्षान्त समारोह को वर्चुअल रूप से सम्बोधित करते हुए मा0 राज्यपाल**

**"तेजी से बदलती हुई विश्व अर्थव्यवस्था, बढ़ती जनसंख्या, प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन, कृषि योग्य भूमि की कमी, कृषि उत्पादों की स्थिर व निम्न उत्पादकता आदि कठिन चुनौतियाँ देश के समक्ष हैं। इसलिये कृषि विश्वविद्यालयों को इन सभी चुनौतियों से निबटने हेतु कार्य योजना तैयार करनी चाहिये, जिससे विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर अपनी बेहतर पहचान बना सके।कृषि हमारे देश की अर्थव्यवस्था का मूल आधार है। कोरोना जैसी महामारी के दौर में भी कृषि क्षेत्र ने भारतीय अर्थव्यवस्था को सकारात्मक वृद्धिके साथ मजबूती प्रदान की। भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था पूरी तरह से खेती पर निर्भर है। बढ़ती जनसंख्या के दबाव तथा गैर-कृषि कार्यो में भूमि के बढ़ते उपयोग के परिप्रेक्ष्य में कृषि के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देना आवश्यक होगा।"**

**– कुलाधिपति**

# दीक्षान्त समारोह : पं0 दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

राजभवन : 12 अप्रैल, 2021

- पं0 दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के 39वें दीक्षान्त समारोह में स्नातक व स्नातकोत्तर के 67,613 एवं पीएच0डी0 के 155 छात्र–छात्राओं को उपाधि दी गयी।
- विभिन्न विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 130 छात्र–छात्राओं को पदक दिये गये।



पं0 दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के 39वें दीक्षांत समारोह में राजभवन से आनलाइन अपने विचार रखती हुई मा0 राज्यपाल।

"शिक्षा के क्षेत्र में जितनी महत्वपूर्ण भूमिका शिक्षा संस्थानों की है, उतनी ही उनकी दूरदर्शिता की भी है, समय के साथ नये बदलाव को अपनाने से ही शिक्षा स्तर का बेहतर विकास हो सकता है। अतः उपाधि प्राप्त करने वाले सभी छात्र–छात्राएं ये प्रतिज्ञा करें कि नये जीवन के आरम्भ के साथ ही समाज के उन लोगों का भी ध्यान रखेंगे, जिनके जीवन में विकास की किरण आज तक नहीं पहुंच पायी है। विश्व के तेजी से बदलते दौर में आत्मनिर्भरता का महत्व बढ़ गया है। स्वदेशी के क्षेत्र में रचनात्मक कार्य की बहुत संभावनाएं हैं। इस दृष्टि से हमारे विश्वविद्यालय केवल शोध और डिग्री बांटने का ही कार्य न करें, बल्कि कौशल विकास पर भी ध्यान दें।"

– कुलाधिपति

# दीक्षान्त समारोह : महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

**लखनऊ : 15 अप्रैल, 2021**

- महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली का 18वां दीक्षान्त समारोह सम्पन्न हुआ, जिसमें 98 विद्यार्थियों को स्नातक एवं परास्नातक की उपाधियां तथा 9 विद्यार्थियों को पीएच0डी0 की उपाधियां प्रदान की गयी।
- कुलाधिपति द्वारा 89 मेधावियों को आनलाइन पदक प्रदान किये गये।




ढीक्षांत समारोह में वर्चुअली सहभाग करती हुई मा0 राज्यपाल एवं कुलाधिपति।

**"युवा संसाधन के रूप में अवसर हैं विद्यार्थी देश के सांस्कृतिक व भौतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाये रखते हुए देश को आगे ले जाने के लिए अपना योगदान कर सकते है। छात्र-छात्राएं वैश्विक चुनौतियों के समय में शिक्षा जगत में हो रहे परिवर्तन पर अपना ध्यान केन्द्रित करते हुए अर्जित किए हुए ज्ञान को जनकल्याण के लिये यथार्थ के धरातल पर रूपान्तरित करने की कला को विकसित करें।"**

**– राज्यपाल**

# दीक्षान्त समारोह : महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी

वाराणसी : 2 मार्च, 2021

- ❖ महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी का 42वां दीक्षान्त समारोह सम्पन्न
- ❖ दीक्षान्त समारोह में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के 81607 छात्र–छात्राओं को उपाधियां तथा पीएच0डी0 के 40 छात्र–छात्राओं उपाधियां दी गयी।
- ❖ 60 छात्र–छात्राओं को पदक दिये गये।




महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के दीक्षान्त समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल।

**"केवल उपाधि प्राप्त करना शिक्षा का उद्देश्य नहीं है। उत्तम चरित्र एवं उत्तम संस्कृति का आपस में अटूट सम्बन्ध है और इस लक्ष्य को प्राप्त करना उत्कृष्ट शिक्षा संरचना और प्रक्रिया द्वारा ही सम्भव है।"**

**– राज्यपाल**

## मा0 राज्यपाल द्वारा नियुक्त किये गये कुलपतियों/निदेशकों का विवरण

| क्र0 | विश्वविद्यालय का नाम | नियुक्त कुलपति/निदेशक | नियुक्त आदेश की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | राजेन्द्र सिंह (रज्जू भइया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज | प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह | 12 मार्च, 2021 |
| 2. | हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर | डॉ शमशेर | 07 अप्रैल, 202 |
| 3. | उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज | प्रो0 सीमा सिंह | 12 अप्रैल, 2021 |
| 4. | छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर | प्रो0 विनय कुमार पाठक | 8 अप्रैल, 2021 |
| 5. | ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ | प्रो0 अनिल कुमार शुक्ला | 8 अप्रैल, 2021 |
| 6. | डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ | डॉक्टर सोनिया नित्यानंद | 29 अप्रैल, 2021 |

# छायाचित्रों में राजभवन की गतिविधियां

03 फरवरी, 2021



गणतंत्र दिवस शिविर-2021 में भाग लेने वाले उत्तर प्रदेश के उत्कृष्ट NCC कैडेट्स के साथ मा0 राज्यपाल।

04 फरवरी, 2021



राज्यपाल को चौरी-चौरा शताब्दी समारोह का लोगो भेंट करते हुए मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

06 फरवरी, 2021




नवनियुक्त राज्य मुख्य सूचना आयुक्त श्री भवेश कुमार सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।

10 फरवरी, 2021



गोरखपुर में चौरी-चौरा जनान्दोलन के शहीद स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए राज्यपाल।

06 फरवरी, 2021



राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने सुहेल देव की शौर्य गाथा पर आधारित पुस्तक 'सुहेल देव-द लीजेंड वारियर' बुक के कवर पेज का विमोचन किया

17 फरवरी, 2021



मा० राज्यपाल को 'भारत की राजनीति का उत्तरायण' नामक पुस्तक भेंट करते हुए मा० मुख्यमंत्री जी।

18 फरवरी, 2021




राजभवन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यपाल पूर्व सैनिकों के कल्याण हेतु अनुदान हस्तांतरित करते हुए।

18 फरवरी, 2021



उत्तर प्रदेश विधान सभा में बजट सत्र में अभिभाषण प्रस्तुत करते हुए मा० राज्यपाल

26 फरवरी, 2021



मा० राज्यपाल से पूज्य चिद्बानंन स्वामी जी ने शिष्टाचार भेट की।

19 मार्च, 2021



मा. राज्यपाल एवं मा. मुख्यमंत्री के साथ नवनियुक्त ए.डी.सी. स्क्वाड्रन लीडर अभिनव ठाकुर एवं ए.डी.सी. श्री अभिषेक वर्मा।

03 मार्च, 2021



मिर्जापुर में माँ विध्यवासिनी के दर्शन एवं पूजा अर्चना करती हुई मा0 राज्यपाल।

05 मार्च, 2021



प्रयागराज स्थित श्रृंगवेरपुर धाम में दर्शन एवं पूजा अर्चना करती मा0 राज्यपाल।

05 मार्च, 2021



प्रयागराज में ''श्रृंगवेरपुरधाम का सचित्र परिदृश्य'' का लोकार्पण करतीं हुई मा0 राज्यपाल।

08 मार्च, 2021



राज्यपाल से उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री हृदय नारायण दीक्षित ने भेंट कर राज्यपाल द्वारा राज्य विधान मण्डल के संयुक्त अधिवेशन में दिये गये बजट अभिभाषण पर पारित धन्यवाद ज्ञापन प्रेषित किया

09 मार्च, 2021



केरल के राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान ने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की।

19 मार्च, 2021



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी राजभवन में राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल को प्रदेश सरकार की चार वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित विकास पुस्तिका भेंट करते हुए

**20 मार्च, 2021**



समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने मा. राज्यपाल से मुलाकात कर ज्ञापन दिया।

**21 मार्च, 2021**




के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में आयोजित 9वीं राष्ट्रीय दृष्टि बाधित एवं मूक बधिर जूडो प्रतियोगिता के सम्मानित जूडो खिलाड़ियों के साथ मा0 राज्यपाल।

**22 मार्च, 2021**



कानपुर स्थित बिठूर के पत्थर घाट पर गंगा आरती करते हुए मा0 राज्यपाल

**23 मार्च, 2021**



कानपुर के जाजमऊ में 'अपनी रोटी' कार्यक्रम का शुभारम्भ करतीं मा0 राज्यपाल।

**24 मार्च, 2021**



मा0 राज्यपाल ने LIC कानपुर द्वारा समर्पण वृद्धाश्रम गायत्री परिवार, आदिल्यनगर, लखनऊ को प्रदत्त वाहन का फ्लैग ऑफ करते हुए।

**24 मार्च, 2021**



विधान परिषद सभापति श्री कुंवर मानवेन्द्र सिंह राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट करते हुए।

23 मार्च, 2021



कन्नौज में पौधा रोपित करती हुई मा0 राज्यपाल

27 मार्च, 2021



राजभवन में अर्थ आवर-डे।

05 अप्रैल, 2021



राजभवन में ए.डी.सी. का कार्यकाल पूर्ण करने के पश्चात मेजर जगमीत सिंह का विदाई समारोह।

06 अप्रैल, 2021



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से वन स्टार/सेना समकक्ष संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारियों ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की।

06 अप्रैल, 2021



मा0 राज्यपाल के समक्ष गुजराती लोक कार्यक्रमों को प्रस्तुत करते हुए गुजराती कलाकार।

14 अप्रैल, 2021



45 वर्ष व उससे अधिक उम्र के राजभवन कर्मी व उनके परिजनों का कोविड-19 का टीकाकरण।

# समाचार पत्रों में राजभवन की गतिविधियां


'महिला के विकास से ही पूरे परिवार का विकास'

आत्मनिर्भर भारत में योगदान दें विवि

बोलीं राज्यपाल

बरेका में 65 साल बाद राष्ट्रपति के पड़े कदम

Governor graces Anganwadi event

थारू बेटियों से किया वादा पूरा : राज्यपाल

Give nutrition materials to Aanganwadis: Governor

First India Bureau

Lucknow: Uttar Pradesh Governor Anandiben Patel instructed concerned officials to distribute

UP Governor Anandiben Patel presiding over the meet

centres, she called for ideal Anganwadi centres in all districts of the state. She also said that pregnant women working as labours should be advised to go for regular check-

ups as they prone to be a Anemia. Th nor further sa both the childr mother's nutriti taken care by the ganwadi Centres.

Women are axis of development: Guv

दैनिक जागरण

गीर गाय से समृद्ध होगा घर, झगड़े भी होंगे बंद : आनंदीबेन

देश को आत्मनिर्भर बनाने में दें योगदान

कॉलेजों एवं इंस्टीट्यूट आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लें : राज्यपाल आनंदीबेन

रेडक्रॉस के साथ लोगों को जोड़ें

यूनाइटेड की मिताली व निधि को स्वर्ण पदक

Preserve rich musical heritage o UP, and spread it far & wide: Guv

Aditi Singh

Lucknow: Governor Anandiben Patel presented 24 medals to toppers and conferred degrees to 123 students of Bhatkhande Music Institute Deemed To Be University at its 10th annual convocation on Monday and urged them to preserve and spread the rich musical heritage of Uttar Pradesh and country far and wide. In her address, the governor said, "The second innings of your life has begun now. You all must preserve our rich cultural heritage with your talent, take it far

BHATKHANDE TOPPERS' GALLERY

The highest honour is to be part of this university. I have a responsibility towards proving myself as a classical singer and paying an ode to all the stalwarts

Usmeet Singh | MASTERS IN PERFORMING ARTS – CLASSICAL MUSIC | MOST GOLD MEDALS

The 24-year-old Ayodhya resident aims to take forward the legacy of classical music with his hard work

I wish that more cultural performances are organised for students and alumni so that the city knows how rich legacy of Bhatkhande is

Priya Saini | MASTERS IN PERFORMING ARTS – KATHAK | 2 GOLD MEDALS

सर्वगुण सम्पन्न जनशक्ति बनकर प्रदेश व देश के लिये योगदान करें : आनंदीबेन

देश के हर व्यक्ति को सस्ता और त्वरित न्याय मिले : कोविंद

राज्यनामा

महिला सशक्तीकरण से घर, परिवार और देश सशक्त होगा

विश्वविद्यालय व कॉलेज गांवों को लें गोद : राज्यपाल

# मा. राज्यपाल की प्रेरणा से राजभवन में आयोजित शाक-भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी
















राजभवन

मुद्रक : प्रकाश पैकेजर्स, 257–गोलागंज, लखनऊ